## Processed Q&A from: Uncategorized_questions.docx

**1.**

Question: निम्नलिखित में से किस विद्वान ने कहा कि 'कानून का साध्य स्वतन्त्रता को समाप्त करना या रोकना नहीं है, बल्कि उसका संरक्षण एवं सम्वर्द्धन है' ?

**Options:**

A. थॉमस हॉब्स
B. जॉन लॉक
C. जीन-जैक्स रूसो
D. जेरेमी बेन्थम
E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: जॉन लॉक

**2.**

Question: आइज़िया बर्लिन के स्वतंत्रता पर विचारों से सम्बन्धित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :
(I) बर्लिन के अनुसार, आजादी के रूप में नकारात्मक स्वतंत्रता खुद काम करना नहीं है, बल्कि यह काम करने का अवसर है ।
(II) सकारात्मक स्वतंत्रता में यह विचार भी सम्मिलित है कि व्यक्ति अपना मालिक हो और उसके उच्चतर आत्म का उसके निम्नतर-आत्म पर प्रभुत्व हो ।
(III) राजनीतिक स्वतंत्रता केवल सकारात्मक स्वतंत्रता के क्षेत्र से सम्बन्धित है ।
सही विकल्प का चयन कीजिए ।

**Options:**

A. केवल (I) और (II) सही हैं।
B. केवल (I) और (III) सही हैं ।
C. केवल (II) और (III) सही हैं।
D. (I), (II) और (III) सभी सही हैं ।
E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: केवल (I) और (II) सही हैं।

**3.**

Question: समानता पर रॉबर्ट नॉजिक के दृष्टिकोण के सन्दर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :
(I) उसने इस विचार को पूरी तरह अस्वीकार्य किया कि समानता के नाम पर धन के पुनर्वितरण के लिए कोई नैतिक आधार है ।
(II) उनके अनुसार साध्य स्थिति सिद्धान्त पुरस्कारों के वितरण के लिए प्रासंगिक हैं ।
उपर्युक्त में से कौन सा/से कथन सही है/हैं ?

**Options:**

A. केवल कथन (I) सही है।
B. केवल कथन (II) सही है ।
C. कथन (I) और (II) दोनों सही हैं ।
D. न तो कथन (I) और न ही (II) सही है ।
E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: केवल कथन (I) सही है।

**4.**

Question: माइकल वॉल्जर के 'जटिल समानता के सिद्धान्त' से सम्बन्धित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :
(A) यह विभिन्न संस्कृतियों में 'वस्तुओं' और 'सामाजिक जीवन के क्षेत्रों' को दिए गए अर्थों की बहुलता को सामने लाता है । जिससे समानता के लिए सार्वभौमिक सिद्धान्त लगभग असंभव हो जाता है । इस प्रकार यह अवधारणा रॉल्सियन 'प्राथमिक वस्तु' की धारणा के विपरीत है ।
(B) वॉल्जर ने इस बात पर बल दिया है कि कोई एकल सही वितरण नियम नहीं है, बल्कि ग्यारह बुनियादी वस्तुओं के वितरण के कई नियम है ।
(C) वॉल्जर के अनुसार प्रत्येक क्षेत्र के लिए एक सामाजिक वस्तु है, या प्रत्येक वस्तु के लिए एक क्षेत्र है।
नीचे दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प का चयन कीजिए :

**Options:**

A. केवल (A) एवं (B) सही हैं।
B. केवल (A) एवं (C) सही हैं।
C. केवल (B) एवं (C) सही हैं।
D. (A), (B) एवं (C) सही हैं।
E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: (A), (B) एवं (C) सही हैं।

**5.**

Question: निम्नलिखित में से किन विचारकों ने 'वैश्विक न्याय के लिए सर्वदेशीय दृष्टिकोण' का समर्थन किया है ?
(A) ब्रायन बैरी
(B) चार्ल्स बेटिज
(C) थॉमस पोगे
(D) हिलेल स्टेनर
(E) चार्ल्स जोन्स
नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए :

**Options:**

A. केवल (A), (B), (C) एवं (D) सही हैं।
B. केवल (A), (C), (D) एवं (E) सही हैं ।
C. केवल (A), (B), (D) एवं (E) सही हैं।
D. (A), (B), (C), (D) एवं (E) सही हैं ।
E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: (A), (B), (C), (D) एवं (E) सही हैं ।

RaJTest

**6.**

Question: लुई पॉजमैन के अनुसार निम्नलिखित में से औपचारिक समानता के मुख्य प्रकार कौन से हैं ?
(I) अरस्तू की औपचारिक समानता की धारणा (कानून के समक्ष समानता)
(II) हित समानता पर विचार (जॉन रॉल्स की प्रक्रियात्मक समानता की तरह समान विचार)
(III) समानता की प्राक्कल्पना (जब तक कोई कारण न मिले तब तक असमान व्यवहार नहीं किया जा सकता)
(IV) मूल्य आधारित समानता (स्वायत्तता और सम्मान की समानता)
(V) नैतिक समानता (प्रत्येक व्यक्ति समान रूप से नैतिक प्रतिनिधि है ।)
नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए :

**Options:**

A. केवल (I), (II), (III) एवं (IV) सही हैं।

B. केवल (II), (III), (IV) एवं (V) सही हैं।

C. केवल (I), (II), (III) एवं (V) सही हैं।

D. (I), (II), (III), (IV) एवं (V) सही हैं ।

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: (I), (II), (III), (IV) एवं (V) सही हैं ।

**7.**

Question: निम्नलिखित में से किस वाद में भारत के उच्चतम न्यायालय ने निर्णय दिया है कि राज्य द्वारा पूजा स्थल-मंदिर, मस्जिद या चर्च - का अधिग्रहण धर्मनिरपेक्षता के विरुद्ध नहीं कहा जा सकता है ?

**Options:**

A. डॉ. एम. ईस्माइल फारूकी बनाम भारत संघ, 1995

B. एम.पी. गोपालाकृष्णन नायर बनाम केरल राज्य, 2005

C. एस.पी. मित्तल बनाम भारत संघ, 1983

D. एस.आर. बोम्मई बनाम भारत संघ, 1994

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: डॉ. एम. ईस्माइल फारूकी बनाम भारत संघ, 1995

**8.**

Question: भारत की संविधान सभा के निम्नांकित में से किस सत्र में इसके सदस्यों ने अपने भत्ते कम करने का निर्णय लिया ?

**Options:**

A. आठवें

B. नौवें

C. दसवें

D. ग्यारहवें

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: आठवें

**9.**

Question: भारतीय पंथनिरपेक्षता संबंधी तथ्यों का परीक्षण कीजिए :
(I) भारतीय पंथनिरपेक्षता अंतः और अन्तर धार्मिक वर्चस्व पर एक साथ ध्यान केन्द्रित करती है।
(II) भारतीय पंथनिरपेक्षता का संबंध व्यक्तियों की धार्मिक आज़ादी से ही नहीं, वरन् अल्पसंख्यकों की धार्मिक आजादी से भी है।
(III) भारतीय पंथनिरपेक्षता में राज्य समर्थित धार्मिक सुधार की गुंजाइश भी है और अनुकूलता भी ।
उपर्युक्त तथ्यों में से कौन सा / कौन से तथ्य सही है/हैं ?

**Options:**

A. केवल (I) सही है।

B. केवल (I) व (II) सही हैं।

C. (I), (II) व (III) सही हैं ।

D. केवल (II) व (III) सही हैं ।

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: (I), (II) व (III) सही हैं ।

**10.**

Question: सूची – I को सूची – II से मिलाएँ और नीचे दिए गए कोड का उपयोग करके सही उत्तर चुनें :
सूची - I (संविधान संशोधन)
a. संविधान (एक सौ एकवाँ संशोधन) अधिनियम, 2016
b. संविधान (एक सौ दोवाँ संशोधन) अधिनियम, 2018
c. संविधान (एक सौ तीनवाँ संशोधन) अधिनियम, 2019
d. संविधान (एक सौ चारवाँ संशोधन) अधिनियम, 2019
सूची - II (प्रावधान)
i. राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक दर्जा
ii. वस्तु एवं सेवा कर का प्रारम्भ
iii. आंग्ल-भारतीय समुदाय के लिए आरक्षण समाप्त
iv. आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए आरक्षण
सही विकल्प चुनिए :

**Options:**

A. iv iii ii i

B. iii iv i ii

C. i iii iv ii

D. ii i iv iii

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: ii i iv iii

**11.**

RojTest

Question: भारत के संविधान का निम्न में से कौन सा अनुच्छेद संसद को सशस्त्र बलों में कार्यरत व्यक्तियों को कुछ मौलिक अधिकार प्रदान न करने का अधिकार देता है ?

**Options:**

A. अनुच्छेद 32
B. अनुच्छेद 33
C. अनुच्छेद 34
D. अनुच्छेद 35
E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: अनुच्छेद 33

**12.**

Question: भारत के संविधान के अनुच्छेद 17 से सम्बन्धित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :
(A) अनुच्छेद 17 के दूसरे भाग के तहत शक्ति का प्रयोग करते हुए संसद द्वारा अस्पृश्यता (अपराध) अधिनियम, 1955 पारित किया गया ।
(B) 1977 में इसका नाम परिवर्तित कर सिविल (नागरिक) अधिकार संरक्षण अधिनियम कर दिया गया ।
(C) अनुच्छेद 17 की पालनार्थ संसद ने अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 पारित किया ।
नीचे दिये गये विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए :

**Options:**

A. केवल (A) एवं (B) सही हैं
B. केवल (A) एवं (C) सही हैं
C. केवल (B) एवं (C) सही हैं।
D. (A), (B) एवं (C) सही हैं ।
E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: (A), (B) एवं (C) सही हैं ।

**13.**

Question: 16 दिसम्बर, 1946 को उद्देश्य प्रस्ताव पर सर्वप्रथम संशोधन प्रस्तुत करने वाले संविधान सभा के सदस्य कौन थे ?

**Options:**

A. डॉ. एम.आर. जयकर
B. डॉ. भीमराव अंबेडकर
C. श्री मीनू मसानी
D. डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी
E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: डॉ. एम.आर. जयकर

**14.**

Question: भारतीय संघ को विद्वानों द्वारा नामकरण के सन्दर्भ में निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए :
नामकरण विद्वान का नाम
(I) अर्द्ध-संघीय - के.सी. व्हेयर
(II) सहायक एकात्मक विशेषताओं वाला संघीय राज्य - ग्रेनविल ऑस्टिन
(III) सर्वोच्च संघ - के. संथानम
उपर्युक्त में से सही युग्म का चयन कीजिए ।

**Options:**

A. केवल (I) और (II) सही हैं ।
B. केवल (II) और (III) सही हैं ।
C. केवल (I) और (III) सही हैं ।
D. (I), (II), (III) सही हैं ।
E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: (I), (II), (III) सही हैं ।

**15.**

Question: भारतीय संविधान के नीति निदेशक तत्त्वों से सम्बन्धित निम्नलिखित में से किन अनुच्छेदों के अनुसरण में संसद ने राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम, 2005 पारित किया ?

**Options:**

A. अनुच्छेद 40 एवं 42
B. अनुच्छेद 39 एवं 41
C. अनुच्छेद 39 एवं 46
D. अनुच्छेद 47 एवं 48
E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: अनुच्छेद 39 एवं 41

**16.**

Question: भारत के संविधान में राज्यों के सम्बन्ध में विशेष उपबन्ध के सन्दर्भ में नीचे दिए गए सही कोड का उपयोग करके सूची – I (अनुच्छेद) को सूची – II (राज्य का नाम) के साथ सुमेलित कीजिए :
सूची - I (संविधान का अनुच्छेद)
a. 371 क
b. 371 ग
c. 371 घ
d. 371 छ
सूची - II (राज्य का नाम)
i. मणिपुर
ii. आन्ध्रप्रदेश
iii. नागालैण्ड
iv. मिजोरम
कोड :

**Options:**

A. iv iii ii i
B. iii i ii iv
C. ii i iv iii

RajTest

D. iv iii i ii

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: iii i ii iv

**17.**

Question: भारत के संविधान के मजबूत केन्द्रीयकरण पूर्वाग्रह के बावजूद भारत की संघीय व्यवस्था में एक बड़ा पुनर्संतुलन हुआ है जिसने धीरे-धीरे देश की अर्द्ध-संघीय व्यवस्था को अधिक विशिष्ट बहुस्तरीय सहकारी संघवाद में परिवर्तित कर दिया है, इस परिघटना के पीछे कारण हैं
(A) 1991 में प्रारंभ हुई आर्थिक सुधार प्रक्रिया ने अर्थव्यवस्था के उदारीकरण, केन्द्रीयकृत नियोजन के कमज़ोर होने और आर्थिक विकास में राज्य सरकारों के लिए कार्रवाई की अधिक स्वतंत्रता को जन्म दिया है।
(B) कांग्रेस पार्टी के प्रभुत्व का अन्त क्षेत्रीय और जाति आधारित दलों का उदय और गठबन्धन राजनीति के एक नये युग के उदय ने भारत की एक दल प्रभुत्व पार्टी प्रणाली को परिवर्तित कर दिया है।
नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए :

**Options:**

A. केवल (A) सही है।

B. केवल (B) सही है ।

C. (A) और (B) दोनों सही हैं।

D. न तो (A) और न ही (B) सही है।

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: (A) और (B) दोनों सही हैं।

**18.**

Question: भारत के संविधान के अनुच्छेद 253 के अन्तर्गत अन्तर्राष्ट्रीय करारों को प्रभावी करने के लिए विधान में निम्नलिखित में से कौन सी शब्दावली सम्मिलित नहीं है ?

**Options:**

A. संधि

B. अभिसमय

C. समझौता

D. करार

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: समझौता

**19.**

Question: राष्ट्रपति के निर्वाचन से सम्बन्धित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :
(I) राष्ट्रपति के निर्वाचन से संसक्त सभी विवादों का विनिश्चय भारतीय निर्वाचन आयोग द्वारा किया जाएगा और उसका विनिश्चय अन्तिम होगा ।
(II) राष्ट्रपति के निर्वाचन को उसे निर्वाचित करने वाले निर्वाचकगण के सदस्यों में विद्यमान किसी रिक्ति के आधार पर प्रश्नगत किया जा सकता है।
उपर्युक्त में से सही कथन/कथनों का चयन कीजिए :

**Options:**

A. केवल कथन (I) सही है ।

B. केवल कथन (II) सही है ।

C. कथन (I) और (II) दोनों सही हैं ।

D. न तो कथन (I) न ही (II) सही है ।

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: न तो कथन (I) न ही (II) सही है ।

**20.**

Question: भारत में अंतर्राज्यीय नदी जल विवादों से सम्बन्धित गलत युग्म की पहचान कीजिए :
(विवाद का नाम) (सम्बन्धित राज्य)

**Options:**

A. वंशधारा नदी जल विवाद – ओडिशा और आन्ध्रप्रदेश

B. महानदी जल विवाद - ओडिशा और छत्तीसगढ़

C. मुल्ला पेरियार बाँध मुद्दा – केरल और तमिलनाडु

D. बभली बैराज मुद्दा – आन्ध्रप्रदेश और कर्नाटक

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: बभली बैराज मुद्दा – आन्ध्रप्रदेश और कर्नाटक

**21.**

Question: लोकसभा में सदन के नेता से सम्बन्धित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :
(I) प्रधानमंत्री लोकसभा में सदन के नेता के रूप में कार्य करता है सिवाय इसके जब वह लोकसभा का सदस्य नहीं होता है।
(II) यह परंपरा रही है कि जब लोकसभा का सत्र चल रहा हो और सदन का नेता लम्बे समय तक अनुपस्थित हो तो लोकसभाध्यक्ष सदन के नेता से परामर्श कर लोकसभा में विपक्ष के नेता को सूचित करता है कि कौन लोकसभा में सदन के नेता के रूप में कार्य करेगा, लेकिन इस सम्बन्ध में सदन में कोई औपचारिक घोषणा नहीं की जाती है।
सही उत्तर का चयन कीजिए :

**Options:**

A. केवल (I) सही है।

B. केवल (II) सही है।

C. (I) और (II) दोनों सही हैं ।

D. न तो (I) न ही (II) सही है ।

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: केवल (I) सही है।

**22.**

RajTest

Question: भारत के संविधान के अनुच्छेद 75 से सम्बन्धित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :
(I) मंत्री प्रधानमन्त्री के प्रसादपर्यन्त अपने पद धारण करेंगे ।
(II) मंत्रि-परिषद संसद के प्रति सामूहिक रूप से उत्तरदायी होगी ।
उपर्युक्त में से सही कथन/कथनों का चयन कीजिए

**Options:**

A. केवल (I) सही है।

B. केवल (II) सही है ।

C. (I) और (II) दोनों सही हैं।

D. न तो (I) न ही (II) सही है ।

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: न तो (I) न ही (II) सही है ।

**23.**

Question: निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए :
(भारत के संविधान में प्रावधान) (सम्बन्धित अनुच्छेद)
(I) सर्वोच्च न्यायालय का अभिलेख न्यायालय होना - अनुच्छेद 127
(II) निर्णयों का सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पुनर्विलोकन - अनुच्छेद 137
(III) सर्वोच्च न्यायालय द्वारा घोषित विधि का सभी न्यायालयों पर आबद्धकर होना - अनुच्छेद 141
उपर्युक्त में से कौन से युग्म सही सुमेलित हैं ?

**Options:**

A. केवल (I) और (II)

B. केवल (I) और (III)

C. केवल (II) और (III)

D. (I), (II) और (III)

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: केवल (II) और (III)

**24.**

Question: भारत के संघीय बजट से सम्बन्धित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :
(A) बजट पर उस दिन कोई चर्चा नहीं होती जिस दिन यह लोकसभा में प्रस्तुत किया जाता है ।
(B) जब बजट प्रस्तुत किया जा चुका हो तो लोकसभाध्यक्ष उस पर चर्चा प्रारम्भ होने के लिए कोई दिन नियत कर सकता है, और यह चर्चा उतने समय तक जारी रह सकती है जो लोकसभाध्यक्ष नियत करे ।
(C) लोकसभाध्यक्ष वित्त मंत्री से परामर्श करके अनुदानों की माँगों पर चर्चा तथा मतदान के लिए उतने दिन नियत कर सकता है जितने लोक हित में सुसंगत हो ।
नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए :

**Options:**

A. केवल (A) एवं (B) सही हैं।

B. केवल (A) एवं (C) सही हैं।

C. केवल (B) एवं (C) सही हैं।

D. (A), (B) एवं (C) सही हैं।

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: केवल (A) एवं (B) सही हैं।

**25.**

Question: भारत के संविधान में मंत्रियों के बारे में उपबन्धों से सम्बन्धित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :
(I) किसी राज्य की मंत्रिपरिषद में मुख्यमन्त्री सहित मंत्रियों की कुल संख्या उस राज्य की विधानसभा के सदस्यों की कुल संख्या के बीस प्रतिशत से अधिक नहीं होगी ।
(II) किसी राज्य में मुख्यमंत्री सहित मंत्रियों की संख्या दस से कम नहीं होगी ।
सही विकल्प का चयन कीजिए :

**Options:**

A. केवल कथन (I) सही है ।

B. केवल कथन (II) सही है ।

C. कथन (I) और (II) दोनों सही हैं।

D. कथन (I) और (II) दोनों सही नहीं हैं।

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: कथन (I) और (II) दोनों सही नहीं हैं।

**26.**

Question: राजस्थान विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण के लिए धन्यवाद प्रस्ताव से सम्बन्धित निम्नलिखित कथनों में से कौन सा सही नहीं है ?

**Options:**

A. मुख्यमंत्री द्वारा चयनित कोई सदस्य राज्यपाल के अभिभाषण के लिए धन्यवाद व्यक्त करने वाला प्रस्ताव प्रस्तुत कर सकेगा ।

B. प्रस्ताव का अनुमोदन मुख्यमंत्री द्वारा चयनित दूसरे सदस्य द्वारा किया जाएगा ।

C. ऐसे प्रस्ताव की सूचना पर प्रस्तावक व अनुमोदनकर्ता के हस्ताक्षर होंगे और यह मंत्री संसदीय कार्य विभाग के जरिए राजस्थान विधानसभा के प्रमुख सचिव को भेजी जाएगी ।

D. धन्यवाद प्रस्ताव पर ऐसे रूप में संशोधन प्रस्तुत किये जा सकेंगे जिसे मुख्यमंत्री उचित समझे ।

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: धन्यवाद प्रस्ताव पर ऐसे रूप में संशोधन प्रस्तुत किये जा सकेंगे जिसे मुख्यमंत्री उचित समझे ।

**27.**

Question: उच्च न्यायालय में अपर न्यायाधीशों की नियुक्ति से सम्बन्धित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :
(I) उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश उच्च न्यायालय के कार्य

RajTest

में किसी अस्थायी वृद्धि के कारण अपर न्यायाधीशों की नियुक्ति कर सकता है ।
(II) अपर न्यायाधीशों की नियुक्ति अस्थायी रूप से और दो वर्ष से अधिक की नहीं होती ।
सही विकल्प का चयन कीजिए :

**Options:**

A. केवल कथन (I) सही है ।

B. केवल कथन (II) सही है ।

C. कथन (I) और (II) दोनों सही हैं ।

D. न तो कथन (I) न ही (II) सही है ।

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: केवल कथन (II) सही है ।

**28.**

Question: संविधान का 104वाँ संशोधन अधिनियम, 2019 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :
(I) इस संशोधन द्वारा अनुच्छेद 334 के पार्श्व शीर्ष में "सत्तर वर्ष" के स्थान पर "कतिपय अवधि" कर दिया गया ।
(II) इस संशोधन द्वारा अनुच्छेद 334 के खंड (क) और (ख) के बाद "सत्तर वर्ष" शब्दों के स्थान पर खंड (क) तथा खंड (ख) के बारे में "अस्सी वर्ष" कर दिया गया ।
(III) इस संशोधन के खंड 1(2) के अनुसार, यह 25 जनवरी, 2020 से लागू हुआ ।
कूट का प्रयोग करते हुए सही उत्तर चुनिए :

**Options:**

A. केवल (I) तथा (II) सही हैं।

B. केवल (II) तथा (III) सही हैं ।

C. केवल (I) तथा (III) सही हैं ।

D. (I), (II) तथा (III) सही हैं ।

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: केवल (I) तथा (III) सही हैं ।

**29.**

Question: राजस्थान पंचायती राज अधिनियम, 1994 से सम्बन्धित निम्नलिखित में से कौन सा युग्म सही सुमेलित नहीं है ?
धारा विषय-वस्तु

**Options:**

A. 29 - प्रमुख और उप-प्रमुख का निर्वाचन

B. 30 - सदस्यों के भत्ते आदि

C. 32 - सरपंच और उप-सरपंच की शक्तियाँ, कृत्य और कर्तव्य

D. 33 - प्रधान की शक्तियाँ, कृत्य और कर्तव्य

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: 33 - प्रधान की शक्तियाँ, कृत्य और कर्तव्य

**30.**

Question: भारतीय संविधान में पंचायतों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन सा युग्म सही सुमेलित नहीं है ?

**Options:**

A. 'पंचायत क्षेत्र' से पंचायत का प्रादेशिक क्षेत्र अभिप्रेत है – अनुच्छेद 243 (ङ)

B. पंचायतों में अनुसूचित जातियों के लिए स्थानों का आरक्षण अनुच्छेद 243 घ (ख)

C. किसी पंचायत का गठन करने के लिए निर्वाचन उसके विघटन की तारीख से 6 मास की अवधि की समाप्ति से पूर्व पूरा किया जाएगा – अनुच्छेद 243 (ङ) (3) (ख)

D. आर्थिक विकास और सामाजिक न्याय के लिए योजनाएँ तैयार करना – अनुच्छेद 243 छ (क)

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: किसी पंचायत का गठन करने के लिए निर्वाचन उसके विघटन की तारीख से 6 मास की अवधि की समाप्ति से पूर्व पूरा किया जाएगा – अनुच्छेद 243 (ङ) (3) (ख)

**31.**

Question: निम्नांकित विद्वानों में से किसने यह विचार व्यक्त किया है कि भारत में लगभग सभी राजनीतिक दल मूल्यों या संस्थाओं के प्रति निष्ठा के बजाय नेताओं के प्रति निष्ठा पर आधारित है । उनमें से लगभग सभी में आन्तरिक लोकतन्त्र का अभाव है; वे अलग-अलग हद तक केन्द्रीयकृत है ?

**Options:**

A. ग्रेनविल ऑस्टिन

B. जेम्स मेनॉर

C. सुधा पाई

D. क्रिस्टोफ जैफरलॉ

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: क्रिस्टोफ जैफरलॉ

**32.**

Question: भारत के संविधान के भाग-9-क में उल्लेखित नगरपालिकाओं की अवधि से सम्बन्धित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :
(I) समयपूर्व विघटन के पहले नगरपालिका को सुनवाई का उचित अवसर दिया जायेगा ।
(II) विघटन के पश्चात गठित नगरपालिका पाँच वर्ष के कार्यकाल के लिए होगी ।
उपर्युक्त में से सही विकल्प का चयन कीजिए :

**Options:**

A. केवल कथन (I) सही है ।

B. केवल कथन (II) सही है ।

C. कथन (I) और (II) दोनों सही हैं ।

D. न तो कथन (I) न ही (II) सही है ।

RajTest

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: केवल कथन (I) सही है ।

**33.**

Question: लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 के अधीन राजनीतिक दलों के पंजीकरण के लिए मार्गनिर्देश के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :
(I) पंजीकरण के लिए आवेदन दल के गठन की तिथि से 30 दिनों के भीतर मुख्य निर्वाचन आयुक्त, भारत निर्वाचन आयोग को प्रस्तुत किया जाना चाहिए ।
(II) दल के नाम में धर्म या जाति का नाम निहित नहीं होना चाहिए ।
(III) दल के उद्देश्य समाजवाद के सिद्धान्तों के अनुरूप होने चाहिए ।
(IV) दल की सदस्यता सभी वयस्क भारतीय नागरिकों के लिए हो ।
कूट का प्रयोग करते हुए सही उत्तर चुनिए :
कूट :

**Options:**

A. केवल (I), (III) तथा (IV) सही हैं।

B. केवल (II) तथा (IV) सही हैं।

C. केवल (II), (III) तथा (IV) सही हैं।

D. (I), (II), (III) तथा (IV) सभी सही हैं।

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: (I), (II), (III) तथा (IV) सभी सही हैं।

**34.**

Question: सितम्बर 2024 में भारत सरकार ने किन विद्रोही संगठनों के साथ शान्ति समझौता हस्ताक्षरित किया ?
(I) यूनाइटेड नेशनल लिबरेशन फ्रन्ट
(II) नेशनल लिबरेशन फ्रन्ट ऑफ त्रिपुरा
(III) पीपुल्स लिबरेशन आर्मी ऑफ मणिपुर
(IV) ऑल त्रिपुरा टाइगर फोर्स
उपर्युक्त में से सही विकल्प का चयन कीजिए :

**Options:**

A. केवल (I) और (II)

B. केवल (II) और (III)

C. केवल (III) और (IV)

D. केवल (II) और (IV)

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: केवल (II) और (IV)

**35.**

Question: शीत युद्ध के सन्दर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :
(I) अमेरिका की निरोधक नीति को सर्वप्रथम 1947 में फॉरेन अफेयर पत्रिका के एक लेख 'दि सोर्स ऑफ सोवियत कंडक्ट' में प्रकाशित किया गया ।
(II) अमेरिका की निरोधक नीति ट्रूमैन सिद्धान्त का मूल तत्त्व थी ।
(III) ट्रूमैन सिद्धान्त 12 मार्च, 1948 को सीनेट के विशेष सत्र में राष्ट्रपति ट्रूमैन द्वारा दिए गए भाषण से उत्पन्न हुआ ।
सही विकल्प चुनिए :

**Options:**

A. केवल (II) सही है।

B. केवल (II) तथा (III) सही हैं।

C. केवल (I) तथा (II) सही हैं ।

D. केवल (I) तथा (III) सही हैं।

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: केवल (I) तथा (II) सही हैं ।

**36.**

Question: हरियाणा विधानसभा निर्वाचन-2024 के परिणामों से सम्बन्धित निम्नलिखित में से कौन सा युग्म सही सुमेलित नहीं है ?
राजनीतिक दल जीती गयी सीटे

**Options:**

A. भारतीय जनता पार्टी - 48

B. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस - 37

C. इण्डियन नेशनल लोक दल - 3

D. निर्दलीय - 3

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: इण्डियन नेशनल लोक दल - 3

**37.**

Question: मिखाइल गोर्बाचेव द्वारा निम्नलिखित में से कौन से सुधार किये गये ?
(I) पेरेस्त्रोइका
(II) रीएगोनॉमिक्स
(III) ब्रेजनेव सिद्धान्त का परित्याग
(IV) सिनात्रा सिद्धान्त का परित्याग
उपर्युक्त में से सही विकल्प चुनिए :

**Options:**

A. केवल (I) और (II)

B. केवल (I) और (III)

C. केवल (I), (III) और (IV)

D. (I), (II), (III) और (IV) सभी

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: केवल (I) और (III)

**38.**

RajTest

Question: निम्नलिखित में से कौन सा युग्म सही सुमेलित नहीं है ?
देश शीत युद्ध के दौरान नेता
(1970 के दशक में)

**Options:**

A. जर्मन लोकतान्त्रिक गणराज्य (जीडीआर) - एरिक होनेकर

B. सोवियत संघ (यूएसएसआर) - लियोनिद ब्रेजनेव

C. पोलैण्ड - एडवर्ड गिर्यक

D. चेकोस्लोवाकिया - जेनोस कादर

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: चेकोस्लोवाकिया - जेनोस कादर

**39.**

Question: डोनाल्ड ट्रम्प प्रशासन के सम्बन्ध में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही नहीं है ?

**Options:**

A. डोनाल्ड ट्रम्प ने 'गल्फ ऑफ मेक्सिको' का नाम बदलकर 'गल्फ ऑफ अमेरिका' कर दिया ।

B. डोनाल्ड ट्रम्प ने 'माउंट डेनाली' का नाम बदलकर 'माउंट मैककिनले' रख दिया ।

C. डोनाल्ड ट्रम्प ने 9 फरवरी को अमेरिका की खाड़ी दिवस के रूप में नामित किया ।

D. ट्रम्प ने 'गल्फ ऑफ मेक्सिको' का नाम परिवर्तन एक कार्यकारी आदेश शीर्षक 'रिस्टोरिंग नेम्स देट ऑनर अमेरिकन हेजेमनी' के द्वारा किया ।

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: डोनाल्ड ट्रम्प ने 'माउंट डेनाली' का नाम बदलकर 'माउंट मैककिनले' रख दिया ।

**40.**

Question: अमेरिका की विदेश नीति से सम्बन्धित कार्टर सिद्धान्त के सन्दर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :
(I) इसे जनवरी, 1980 में घोषित किया गया ।
(II) जिम्मी कार्टर ने यह घोषणा की कि फारस की खाड़ी क्षेत्र पर नियंत्रण पाने के लिए किसी भी बाहरी ताकत द्वारा किये गये प्रयास को संयुक्त राज्य अमेरिका के महत्त्वपूर्ण हितों पर हमला माना जाएगा और इस तरह के हमले को सैन्य बल सहित किसी भी तरह से रोका जाएगा ।
(III) यह कार्टर द्वारा मूल रूप से व्यक्त और अपनाई गयी बातों से कहीं ज्यादा कठोर और केन्द्रीयकृत नीति थी ।
नीचे दिये गये विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए :

**Options:**

A. केवल (I) एवं (II) सही हैं।

B. केवल (II) एवं (III) सही हैं।

C. केवल (I) एवं (III) सही हैं।

D. (I), (II) एवं (III) सही हैं।

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: केवल (I) एवं (II) सही हैं।

**41.**

Question: फरवरी-2025 में महिला शांति सैनिकों के लिए 'वीमेन इन पीसकिपिंग - ए ग्लोबल साऊथ परस्पेक्विव' विषय पर पहला सम्मेलन आयोजित किया गया

**Options:**

A. जकार्ता में

B. काठमाण्डू में

C. नई दिल्ली में

D. कोलम्बो में

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: काठमाण्डू में

**42.**

Question: फरवरी - 2025 में भारत के प्रधानमंत्री की अमेरिका यात्रा के दौरान भारत – अमेरिका संयुक्त वक्तव्य के सम्बन्ध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :
(I) राष्ट्रपति ट्रम्प और प्रधानमंत्री मोदी ने एक नई पहल शुरू की – "21वीं सदी के लिए यूएस – इंडिया कॉम्पैक्ट"।
(II) अमेरिका और भारत ने द्विपक्षीय व्यापार के लिए एक नया लक्ष्य निर्धारित किया – "मिशन 500" ।
(III) अमेरिका और भारत ने 'यूएस - इंडिया फेथ पहल' की शुरुआत की ।
सही विकल्प का चयन कीजिए :

**Options:**

A. केवल (I) और (II) सही हैं।

B. केवल (II) और (III) सही हैं ।

C. केवल (I) और (III) सही हैं।

D. (I), (II) और (III) सभी सही हैं।

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: अनुत्तरित प्रश्न

**43.**

Question: निम्नलिखित में से किसे संयुक्त राष्ट्र आर्थिक एवं सामाजिक परिषद द्वारा 2025-2030 तक तीसरे कार्यकाल के लिए अन्तर्राष्ट्रीय नारकोटिक्स नियंत्रण बोर्ड के सदस्य के रूप में चुना गया ?

**Options:**

A. अनिरुद्ध राजपूत

B. पी. गोपीनाथन

C. जगजीत पवाडिया

D. विदिशा मेत्रा

E. अनुत्तरित प्रश्न

RajTest

Answer: जगजीत पवाडिया

**44.**

Question: निम्नलिखित में से 'रायसीना क्रॉनिकल्स : इण्डियाज ग्लोबल पब्लिक स्क्वेयर' पुस्तक के संपादक कौन से हैं ?

**Options:**

A. एस. जयशंकर एवं सी. उदय भास्कर
B. एस. जयशंकर एवं सी. राजा मोहन
C. एस. जयशंकर एवं समीर सरन
D. एस. जयशंकर एवं विक्रम मिसरी
E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: एस. जयशंकर एवं समीर सरन

**45.**

Question: निम्नलिखित में से कौन सा विचारक, राजनीति की न्यूनतावादी व्याख्याओं और यथास्थिति के साथ इसकी जटिलता के लिए, अमेरिकी राजनीति विज्ञान में प्रचलित व्यवहारवाद और पद्धतिवाद की आलोचना करता है ?

**Options:**

A. थॉमस कुह्न
B. इसायाह बर्लिन
C. शेल्डन एस. वोलिन
D. लेसज़ेक कोलाकोव्स्की
E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: शेल्डन एस. वोलिन

**46.**

Question: निम्नलिखित में से किसने गुटनिरपेक्ष आन्दोलन शिखर सम्मेलन में कहा कि 'यहाँ एकत्रित राष्ट्रों की शक्ति न तो आर्थिक शक्ति है और न ही सैन्य शक्ति है, फिर भी यह शक्ति है । इसे नैतिक शक्ति की संज्ञा दी जा सकती है' ?

**Options:**

A. जवाहरलाल नेहरू
B. इंदिरा गांधी
C. पी.वी. नरसिम्हा राव
D. नरेन्द्र मोदी
E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: पी.वी. नरसिम्हा राव

**47.**

Question: कार्ल पॉपर से सम्बन्धित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :
(I) पॉपर अपने मिथ्याकरण के सिद्धान्त के साथ सत्यापन के सिद्धान्त में संशोधन का सुझाव देते हैं ।
(II) पॉपर मिथ्याकरण के सिद्धान्त को आगे बढ़ाते हुए तर्क देते हैं कि कोई भी अवलोकन, चाहे कितने भी हों, किसी परिकल्पना की सच्चाई को साबित नहीं कर सकते हैं ।
(III) पॉपर इस पारंपरिक धारणा को स्वीकार करते हैं कि वैज्ञानिक, साक्ष्य के आधार पर संभाव्यता के उच्चतम मान को तलाश करते हैं।
सही उत्तर चुनिए :

**Options:**

A. केवल (I) तथा (II) सही हैं ।
B. केवल (I) तथा (III) सही हैं ।
C. केवल (II) तथा (III) सही हैं ।
D. (I), (II) तथा (III) सभी सही हैं ।
E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: केवल (I) तथा (II) सही हैं ।

**48.**

Question: 'डिजिमॉडर्निज्म' पर एलन किर्बी के विचारों के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें :
कथन-I : इसका उद्भव 1990 के दशक के उत्तरार्द्ध में हुआ ।
कथन-II : इसने उत्तर-आधुनिकतावाद को निर्णायक रूप से विस्थापित कर दिया है और खुद को इक्कीसवीं सदी के नए सांस्कृतिक प्रतिमान के रूप में स्थापित किया है।
सही विकल्प का चयन कीजिए ।

**Options:**

A. केवल (I) सही है ।
B. केवल (II) सही है।
C. (I) और (II) दोनों सही हैं ।
D. न तो (I) और न ही (II) सही है ।
E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: (I) और (II) दोनों सही हैं ।

**49.**

Question: अर्नोल्ड ब्रेख्त के वैज्ञानिक पद्धति पर विचारों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें :
(I) अर्नोल्ड ब्रेख्त ने वैज्ञानिक पद्धति द्वारा प्राप्त ज्ञान को 'अन्तर्वैयक्तिक संचारणीय बोध' कहा है।
(II) अर्नोल्ड ब्रेख्त के अनुसार वैज्ञानिक पद्धति में अन्य ऐतिहासिक, मानवशास्त्रीय और मनोवैज्ञानिक पद्धतियों का समुचित प्रयोग स्वीकार्य नहीं है ।
ऊपर दिये गये कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं ?

**Options:**

A. केवल (I)
B. केवल (II)
C. (I) और (II) दोनों
D. न तो (I) और न (II)
E. अनुत्तरित प्रश्न

RajTest

Answer: केवल (I)

**50.**

Question: निम्नलिखित में से कौन से विद्वान सन्दर्भवादी दृष्टिकोण से सम्बन्धित हैं ?
(I) एंड्रयू हैकर
(II) क्वेंटिन स्कीनर
(III) जे.जी.ए. पोकॉक
(IV) जॉन प्लामेनत्ज़
सही विकल्प का चयन कीजिए ।

**Options:**

A. केवल (I) और (III)

B. केवल (II) और (III)

C. केवल (II) और (IV)

D. (I), (II), (III) और (IV) सभी

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: केवल (II) और (III)

**51.**

Question: राज्य के यन्त्रवादी सिद्धान्त के सम्बन्ध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :
(I) राज्य एक सामाजिक संस्था है ।
(II) राज्य साधन है, साध्य नहीं ।
(III) यह सिद्धान्त राज्य और समाज में स्पष्ट अन्तर करता है ।
(IV) राज्य एक उच्चतर इच्छा की अभिव्यक्ति है ।
सही उत्तर का चयन कीजिए :

**Options:**

A. केवल (II) सही है।

B. केवल (I) तथा (II) सही हैं।

C. केवल (I) तथा (IV) सही हैं।

D. (I), (II), (III) तथा (IV) सही हैं ।

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: केवल (I) तथा (II) सही हैं।

**52.**

Question: निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :
(A) हेनरी मेन के अनुसार आदिम समाज मातृसत्तात्मक था ।
(B) मैकाइवर ने सामाजिक समझौतावादियों द्वारा दी गई प्राकृतिक अवस्था की अवधारणा को अस्वीकार अस्वीकार कर दिया है ।
(C) एंगेल्स के अनुसार राज्य की उत्पत्ति से पूर्व सामाजिक संगठन के तीन स्तर थे ।
(D) हर्बर्ट स्पेंसर के अनुसार एक जीवन्त संगठन का निर्माण नहीं, विकास होता है ।
ऊपर दिए गए कथनों में से कौन से सही हैं ?

**Options:**

A. केवल (B) और (C)

B. केवल (A), (B) और (C)

C. केवल (B), (C) और (D)

D. केवल (A) और (D)

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: केवल (B), (C) और (D)

**53.**

Question: निम्नलिखित में से कौन से कथन सही हैं ?
(A) लासवेल ने राज्य को 'एक सम्प्रभु भू-क्षेत्रीय समूह' कहा है ।
(B) बोंदा के अनुसार सम्प्रभुता दैविक व प्राकृतिक कानून द्वारा सीमित है।
(C) बोंदा के अनुसार सम्प्रभु के पास निजी सम्पत्ति छीनने का अप्रतिबंधित अधिकार है।
(D) ग्रोशियस का मत है कि सामाजिक समझौते द्वारा लोग सम्प्रभुता अपने हाथों में रख सकते हैं या उसे राजा को सौंप सकते हैं ।
सही विकल्प का चयन कीजिए ।

**Options:**

A. केवल (A) और (B)

B. केवल (C) और (D)

C. केवल (A), (B) और (D)

D. केवल (B), (C) और (D)

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: केवल (A), (B) और (D)

**54.**

Question: निम्नलिखित कथनों को संबंधित लेखकों के साथ सुमेलित कीजिए :
a. राज्य मूलतः एक वर्ग व्यवस्था
b. राज्य का आधार, शक्ति नहीं इच्छा है
c. राज्य एक पारस्परिक सुरक्षा कम्पनी
d. मेरी आत्मा का निवास मेरे राज्य में है
i. एम.पी. फॉलेट
ii. टी.एच. ग्रीन
iii. ऑपेनहामर
iv. हर्बर्ट स्पेंसर
सही उत्तर है :
कोड :
a b C d

**Options:**

A. ii i iii iv

B. iii ii iv i

C. iv ii iii i

D. i iii ii iv

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: iii ii iv i

RajTest

**55.**

Question: बहुलवाद के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :
(I) बहुलवादी सिद्धान्त राज्य-प्रभुसत्ता के परंपरागत सिद्धान्तों का खण्डन करता है ।
(II) बहुलवादी सिद्धान्त राज्य को समाज की एक आवश्यक संस्था मानता है ।
(III) बहुलवादी सिद्धान्त यह मानता है कि समाज के अन्य महत्त्वपूर्ण समूहों की तुलना में राज्य की स्थिति सर्वोच्च है।
सही उत्तर चुनिए :

**Options:**

A. केवल (I) तथा (II) सही हैं।

B. केवल (II) तथा (III) सही हैं ।

C. केवल (I) तथा (III) सही हैं ।

D. केवल (I) सही है।

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: केवल (I) तथा (II) सही हैं।

**56.**

Question: 'सांस्कृतिक बहुलवाद' की अवधारणा के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें :
कथन-I : सांस्कृतिक बहुलवाद एक ऐसा शब्द है जिसे सबसे पहले समाजशास्त्री होरेस कलन ने अमेरिका में विविध सांस्कृतिक, जातीय और धार्मिक समूहों की परस्पर क्रिया का वर्णन करने के लिए प्रचलित किया था ।
कथन-II : उन्होंने "मेल्टिंग पॉट" सिद्धान्त के समर्थन में तर्क दिया और समाज के भीतर विविध सांस्कृतिक पहचानों के संरक्षण की वकालत की ।
कथन-III : उन्होंने अपने विचार "डेमोक्रेसी वर्सेस द मेल्टिंग पॉट" नामक लेख में व्यक्त किए, जो 1972 में प्रकाशित हुआ ।
ऊपर दिए गए कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं ?

**Options:**

A. केवल I

B. केवल I और III

C. केवल II

D. केवल I और II

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: केवल I

**57.**

Question: संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति के संबंध में निम्नलिखित उपबन्धों को सुमेलित कीजिए :

**Options:**

A. राष्ट्रपति राज्य कानून के तहत दंडित व्यक्तियों को क्षमा कर सकता है ।

B. राष्ट्रपति ऐसे किसी व्यक्ति को क्षमा नहीं कर सकता जो महाभियोग की कार्यवाही द्वारा दंडित किया गया हो

C. राष्ट्रपति कांग्रेस को भंग नहीं कर सकता ।

D. राष्ट्रपति आवश्यकता पड़ने पर कांग्रेस का विशेष अधिवेशन बुला सकता है ।

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: अनुत्तरित प्रश्न

**58.**

Question: फ्रांस के संविधान के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :
(I) गणराज्य का राष्ट्रपति न्यायिक प्राधिकरण की स्वतंत्रता का प्रतिभूति कर्ता होगा ।
(II) गणराज्य का प्रधानमंत्री मंत्रिपरिषद की अध्यक्षता करेगा ।
ऊपर दिए गए कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं ?

**Options:**

A. केवल (I)

B. केवल (II)

C. (I) और (II) दोनों

D. न तो (I) और न ही (II)

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: केवल (I)

**59.**

Question: ब्रिटिश संसद के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :
(I) लार्ड सभा इसकी समितियों और प्रश्नकाल के द्वारा कार्यपालिका की जाँच पड़ताल नहीं कर सकती ।
(II) 1911 के अधिनियम के द्वारा कॉमन सभा से पास बिल को लार्ड सभा द्वारा रद्द करने की शक्ति को प्रतिबंधित कर दिया ।
सही उत्तर चुनिए :

**Options:**

A. केवल (I) सही है।

B. केवल (II) सही है ।

C. (I) तथा (II) दोनों सही हैं।

D. (I) तथा (II) दोनों गलत हैं ।

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: केवल (II) सही है ।

**60.**

Question: संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति के संबंध में निम्नलिखित उपबन्धों को सुमेलित कीजिए :
a. राष्ट्रपति की पदच्युति
b. राष्ट्रपति का क्षमादान अधिकार
c. राष्ट्रपति की निषेधाधिकार शक्ति
d. राष्ट्रपति का सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की नियुक्ति का अधिकार
i. अनुच्छेद I, खण्ड 7, उपखण्ड 2

RajTest

ii. अनुच्छेद II, खण्ड 4
iii. अनुच्छेद II, खण्ड 2, उपखण्ड 1
iv. अनुच्छेद II खण्ड 2, उपखण्ड 2
सही उत्तर है :
a b C d

**Options:**

A. iv ii iii i

B. ii iii i iv

C. iii i ii iv

D. i ii iv iii

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: ii iii i iv

**61.**

Question: फ्रांस के सर्वोच्च प्रशासनिक न्यायालय 'द कॉन्सिल डी'एटैट' के बारे में निम्नलिखित में से कौन से कथन सही हैं ?
कथन-I : यह कार्यकारी शक्ति, स्थानीय प्राधिकरणों, स्वतंत्र सार्वजनिक प्राधिकरणों, लोक प्रशासन एजेंसियों या सार्वजनिक प्राधिकरण से जुड़ी किसी अन्य एजेंसी से संबंधित मामलों का अंतिम मध्यस्थ है ।
कथन-II : यह चार विशेष विभागों के माध्यम से सरकार को सलाह देता है, गृह मामलों का विभाग, वित्त विभाग, लोक निर्माण विभाग और प्रशासनिक विभाग ।
कथन-III : यह प्रशासनिक न्यायाधिकरणों और अपील की अदालतों के दिन-प्रतिदिन के प्रबंधन के लिए भी जिम्मेदार है ।
सही विकल्प चुनिए :

**Options:**

A. केवल I और II

B. केवल II और III

C. केवल I और III

D. I, II और III

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: केवल I और II

**62.**

Question: स्विट्ज़रलैण्ड की संघीय विधानसभा के सदन, काउंसिल ऑफ स्टेट्स की संरचना और चुनाव के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार करें :
कथन-I : काउंसिल ऑफ स्टेट्स में कैंटन के 46 प्रतिनिधि शामिल हैं।
कथन-II : ओबवाल्डेन, निडवाल्डेन, बेसल-स्टैड्ट, बेसल-लैंडशाफ्ट अपेंजेल औसरहोडेन और अपेंजेल इनरहोडेन के कैंटन प्रत्येक एक प्रतिनिधि का चुनाव करते हैं, अन्य कैंटन प्रत्येक दो प्रतिनिधियों का चुनाव करते हैं।
कथन-III : कैन्टन के सभी प्रतिनिधियों को आनुपातिक प्रतिनिधित्व की प्रणाली के अनुसार लोगों द्वारा सीधे चुना जाता है ।
ऊपर दिए गए कथनों में से कौन से सही हैं ?

**Options:**

A. केवल I और II

B. केवल II और III

C. केवल I और III

D. I, II और III

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: केवल I और II

**63.**

Question: निम्नलिखित में से कौन सा सही सुमेलित नहीं है ?

**Options:**

A. लोकतंत्र वह शासन है जिसमें हर व्यक्ति भाग लेता है - सीले

B. लोकतन्त्रात्मक राज्य का मतलब केवल इतना है कि पूरे समाज को अन्तिम सम्प्रभु शक्ति प्राप्त रहती है - हर्नशा

C. व्यवहार में लोकतन्त्र की यह परिकल्पना है कि सभी व्यक्ति समान हैं और इसका उपयोग सबसे अच्छे व्यक्तियों की खोज के लिए किया जाता है – सी.डी. बर्न्स

D. पूर्ण लोकतन्त्र में कोई भी यह शिकायत नहीं कर सकता कि उसे अपनी बात कहने का मौका नहीं मिला – ए.वी. डायसी

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: पूर्ण लोकतन्त्र में कोई भी यह शिकायत नहीं कर सकता कि उसे अपनी बात कहने का मौका नहीं मिला – ए.वी. डायसी

**64.**

Question: शक्तियों के पृथक्करण के सिद्धांत के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें :
कथन-I : मोंटेस्क्यू का 'शक्तियों के पृथक्करण' का सिद्धांत जॉन लॉक की कृति 'टू ट्रीटीज ऑन सिविल गवर्नेंस' से प्रेरित है ।
कथन-II : 'पर्सियन लेटर्स' में मोंटेस्क्यू ने पहली बार लोकतंत्र, राजशाही और निरंकुश शासन के बीच अंतर किया है।
कथन-III : शक्तियों के पृथक्करण प्रणालियों में जहाँ विधायिका और कार्यपालिका दोनों को मतदाताओं द्वारा चुना जाता है, विधायिका की संस्थागत स्वायत्तता कम हो जाती है ।
ऊपर दिए गए कथनों में से कौन से सही नहीं है ?

**Options:**

A. केवल I और II

B. केवल II और III

C. केवल I और III

D. I, II और III

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: केवल II और III

**65.**

RajTest

Question: उत्तर-व्यवहारवाद के बारे में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही नहीं है ?

**Options:**

A. डेविड ईस्टन ने उत्तर-व्यवहारवाद के सात प्रमुख लक्षणों को सामने रखा और उन्हें 'प्रासंगिकता का सिद्धान्त' बताया ।

B. व्यवहारवादियों द्वारा उठाए गए नारे के जवाब में कि गलत होने की तुलना में अस्पष्ट होना बेहतर है, उत्तर-व्यवहारवादियों ने प्रति-नारा उठाया कि अस्पष्ट होने की तुलना में अप्रासंगिक रूप से सटीक होना बेहतर है।

C. उत्तर-व्यवहारवादी चिंतनशील विज्ञान के स्थान पर क्रिया विज्ञान की माँग करते हैं।

D. उत्तर-व्यवहारवादी राजनीति शास्त्रियों को याद दिलाना चाहते थे कि सभ्यता के मानवीय मूल्यों की रक्षा के लिए सर्वोत्तम प्रयास करना उनकी जिम्मेदारी है ।

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: व्यवहारवादियों द्वारा उठाए गए नारे के जवाब में कि गलत होने की तुलना में अस्पष्ट होना बेहतर है, उत्तर-व्यवहारवादियों ने प्रति-नारा उठाया कि अस्पष्ट होने की तुलना में अप्रासंगिक रूप से सटीक होना बेहतर है।

**66.**

Question: व्यवहारवाद के संदर्भ में सॉमिट और टेननहॉस के निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :
कथन-I : व्यवहारवादी पंथ पूर्वानुमान क्षमताओं में सहायता के लिए आँकड़ों को 'मात्रात्मक' किए जाने पर बल देता है।
कथन-II : मूल्य जैसे लोकतंत्र, समानता और स्वतंत्रता जैसे मूल्यों को वैज्ञानिक रूप से स्थापित किया जा सकता है, इसलिए इन्हें कार्यप्रणाली में शामिल किया जाना चाहिए ।
सही विकल्प का चयन कीजिए :

**Options:**

A. कथन I एवं II दोनों सत्य हैं ।

B. कथन I एवं II दोनों असत्य हैं ।

C. केवल कथन II सत्य है ।

D. केवल कथन I सत्य है ।

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: केवल कथन I सत्य है ।

**67.**

Question: निम्नलिखित में से किस समाजशास्त्री ने राजनीति विज्ञान में व्यवस्था सिद्धान्त के प्रयोग को सर्वाधिक प्रोत्साहन दिया ?

**Options:**

A. रॉबर्ट के. मर्टन

B. कोलिन चेरी

C. लुडविग वॉन बर्टलेनफी

D. हेंस गार्डनर

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: लुडविग वॉन बर्टलेनफी

**68.**

Question: डेविड ईस्टन के राजनीतिक व्यवस्था के निवेश-निर्गत विश्लेषण के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :
(I) डेविड ईस्टन ने समाजशास्त्रियों द्वारा व्यवहार में लाये गये सन्तुलन-विश्लेषण की इस आधार पर प्रशंसा की है कि उसमें व्यवस्थाओं की पर्यावरण से आने वाले प्रभावों से निपटने की क्षमता का ध्यान रखा गया है ।
(II) डेविड ईस्टन ने व्यवस्थात्मक सातत्य को अपने विश्लेषण में केन्द्रीय स्थान दिया है।
सही विकल्प का चयन कीजिए :

**Options:**

A. केवल (I) सही है।

B. केवल (II) सही है ।

C. (I) एवं (II) दोनों सही नहीं हैं।

D. (I) एवं (II) दोनों सही हैं।

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: केवल (II) सही है ।

**69.**

Question: निम्नांकित में से किस विचारक ने अपनी पुस्तक 'दि स्ट्रक्चर ऑफ साइन्टिफिक रिवॉल्यूशंस' के द्वारा व्यवहारवादियों के 'बिल्डिंग ब्लॉक सिद्धान्त' की आलोचना की ?

**Options:**

A. डेविड वाइजमैन

B. थॉमस कुहन

C. जोसेफ टेननहॉस

D. हींज इलाऊ

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: थॉमस कुहन

**70.**

Question: निम्नलिखित में से किसने 1956 में प्रकाशित 'दि डिसीजन प्रोसेस : सेवन कैटेगरीज़ ऑफ फंक्शनल एनालिसिस' नामक पुस्तक में व्यवस्था-प्रकार्यात्मकता का अपना प्रारूप प्रस्तुत किया ?

**Options:**

A. टैल्कॉट पार्सन्स

B. हेरोल्ड डी. लासवेल

C. डेविड ईस्टन

D. रॉबर्ट डाहल

RajTest

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: हेरोल्ड डी. लासवेल

**71.**

Question: राजनीतिक विकास पर लियोनार्ड बाइंडर के शोध के अनुसार, निम्नलिखित में से कौन से राजनीतिक विकास के भाग हैं ?
(A) धार्मिक से जातीय पहचान में परिवर्तन ।
(B) पारलौकिक से अंतर्निहित स्रोतों में वैधता में परिवर्तन ।
(C) अभिजात वर्ग से जन और परिवार से समूह में राजनीतिक सहभागिता में परिवर्तन ।
सही विकल्प का चयन कीजिए :

**Options:**

A. केवल (A) एवं (B) सही हैं।
B. केवल (A) एवं (C) सही हैं।
C. केवल (B) एवं (C) सही हैं।
D. (A), (B) एवं (C) सही हैं।
E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: (A), (B) एवं (C) सही हैं।

**72.**

Question: गेब्रियल आमण्ड और उनके सहयोगियों द्वारा संरचनात्मक-कार्यात्मक दृष्टिकोण को समझाने के लिए दिए गए चार इनपुट कार्यों में निम्नलिखित में से कौन सा शामिल नहीं है ?

**Options:**

A. राजनीतिक समाजीकरण और भर्ती
B. हित एकत्रीकरण
C. नियम अभिव्यक्ति
D. राजनीतिक संचार
E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: नियम अभिव्यक्ति

**73.**

Question: निम्नलिखित में से किसने तर्क दिया कि आमण्ड और वर्बा द्वारा सुझाई गई राजनीतिक संस्कृति की टाइपोलॉजी विश्लेषणात्मक के बजाय वर्णनात्मक मानदंडों पर आधारित है, किसी भी सैद्धान्तिक निर्माण को नियोजित नहीं करती है और इसलिए यह गैर-व्याख्यात्मक और गैर-भविष्यसूचक है ?

**Options:**

A. विलियम बोस्टॉक
B. डेविड ईस्टन
C. रॉबर्ट डाहल
D. मैरी टूम्ब्स वाडिल
E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: विलियम बोस्टॉक

**74.**

Question: निम्नलिखित में से किस प्रकार की राजनीतिक उपसंस्कृति की पहचान डैनियल एलाजार द्वारा नहीं की गई है ?

**Options:**

A. सहसंवेदी संस्कृति
B. व्यक्तिवादी संस्कृति
C. नैतिकतावादी संस्कृति
D. परंपरावादी संस्कृति
E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: सहसंवेदी संस्कृति

**75.**

Question: निम्नलिखित में से किसे ल्यूशियन पाई ने 'राजनीतिक विकास की दिशा में पहला कदम' माना है ?

**Options:**

A. लोकतंत्र में विश्वास
B. राष्ट्रवाद पर आधारित राज्य-व्यवस्था (नेशन-स्टेट) का विकास
C. विश्व-राज्य व्यवस्था पर सर्वसम्मति
D. परम्परावाद का पूर्णतः त्याग
E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: राष्ट्रवाद पर आधारित राज्य-व्यवस्था (नेशन-स्टेट) का विकास

**76.**

Question: राजस्थान विधानसभा चुनाव-2023 में महिला मतदान प्रतिशत (पोस्टल बैलट्स को छोड़ कर) कितना था ?

**Options:**

A. 68.26%
B. 70.16%
C. 74.70%
D. 75.02%
E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: 74.70%

**77.**

Question: एकमैन और आमना ने राजनीतिक सहभागिता के किन दो प्रकारों में अन्तर किया है ?

**Options:**

A. लोकतांत्रिक और अधिनायकवादी

RaJTest

B. अव्यक्त और प्रकट

C. सरल और जटिल

D. स्पष्ट और अस्पष्ट

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: अव्यक्त और प्रकट

**78.**

Question: सूची-I व सूची-II का मिलान कीजिए और नीचे दिए गए कूटों की सहायता से सही उत्तर का चयन कीजिए :
सूची-I (निर्वाचन प्रणाली)
(a) एकल सदस्यीय बहुमत प्रणाली
(b) वैकल्पिक मत प्रणाली
(c) मिश्रित सदस्य आनुपातिक प्रणाली
(d) मिश्रित सदस्य बहुसंख्यक प्रणाली
सूची-II (उदाहरण)
(i) हंगरी
(ii) दक्षिण कोरिया
(iii) ऑस्ट्रेलिया
(iv) नाइजीरिया

**Options:**

A. (ii) (iii) (iv) (i)

B. (iv) (iii) (ii) (i)

C. (ii) (iii) (i) (iv)

D. (iv) (iii) (i) (ii)

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: (iv) (iii) (i) (ii)

**79.**

Question: निम्नलिखित में से किस विद्वान ने सिविल सोसायटी को राज्य से स्वतंत्र स्वायत्त संघों का एक जाल, जो मात्र अस्तित्व या कार्रवाई द्वारा सामान्य सरोकार के मामलों में एक साथ बँधे हुए हैं, सार्वजनिक नीति पर प्रभाव डाल सकते हैं, के रूप में परिभाषित किया है ?

**Options:**

A. जुर्गेन हेबरमास

B. चार्ल्स टेलर

C. ऐटोनियो ग्राम्शी

D. जॉन डेवी

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: चार्ल्स टेलर

**80.**

Question: भारत में मतदान व्यवहार के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :
(I) भारत में चुनाव परिणाम निर्धारित करने में सत्ता विरोधी लहर एक प्रमुख भूमिका निभाने लगी है ।
(II) समाज के सामाजिक रूप से हाशिए पर पड़े वर्गों के लोकतांत्रिक उभार ने जाति और समुदाय की लामबंदी को बढ़ा दिया, जिससे स्थानीय और राज्य राजनीतिक दलों की संख्या में तेजी से वृद्धि हुई है।
(III) भारत में मतदान प्रतिशत एक समान होता है और यह विभिन्न जनसांख्यिकीय और सामाजिक-आर्थिक कारकों से प्रभावित नहीं होता है।
सही विकल्प का चयन कीजिए :

**Options:**

A. केवल (I) तथा (II) सही हैं ।

B. केवल (II) तथा (III) सही हैं ।

C. केवल (I) सही है।

D. (I), (II) तथा (III) सभी सही हैं ।

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: केवल (I) तथा (II) सही हैं ।

**81.**

Question: अंतर्राष्ट्रीय संबंधों के अपने सौदेबाज़ी सिद्धान्त के बारे में थॉमस सी. शेलिंग ने अपने सूत्रों को कई तरीकों से नामित किया सिवाय :

**Options:**

A. सीमित प्रतिकूल संबंध

B. अनिश्चित साझेदारी

C. अपूर्ण विरोध

D. स्वतंत्र निर्णय

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: स्वतंत्र निर्णय

**82.**

Question: अंतर्राष्ट्रीय संबंधों के 'राज्य-केंद्रित', 'राज्य-अभिनेता' या 'बिलियर्ड-बॉल मॉडल' को प्रस्तुत करने के लिए किस दृष्टिकोण की आलोचना की जाती है ?

**Options:**

A. संचार दृष्टिकोण

B. निर्णय-निर्माण दृष्टिकोण

C. लिंकेज दृष्टिकोण

D. एकीकरण दृष्टिकोण

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: निर्णय-निर्माण दृष्टिकोण

**83.**

Question: द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान निम्नलिखित किस नेता का कथन – "हम समुद्र तटों पर लड़ेंगे, हम लैंडिंग ग्राउंड पर लड़ेंगे, हम खेतों और सड़कों पर लड़ेंगे, हम पहाड़ियों में लड़ेंगे; हम कभी आत्मसमर्पण नहीं करेंगे" – राष्ट्रीय शक्ति के

RajTest

एक महत्त्वपूर्ण तत्त्व के रूप में राष्ट्रीय चरित्र की भूमिका पर जोर देता है ?

**Options:**

A. फ्रेंकलिन डी. रूज़वेल्ट

B. विंस्टन चर्चिल

C. ड्वाइट डी. आइज़नहॉवर

D. चार्ल्स डी गॉल

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: विंस्टन चर्चिल

**84.**

Question: सुजैन स्ट्रेंज द्वारा अपनी प्रसिद्ध पुस्तक 'स्टेट्स एण्ड मार्केट्स' में अंतर्राष्ट्रीय राजनीतिक अर्थव्यवस्था (आईपीई) में संरचनात्मक शक्ति के निम्नलिखित में से किस आयाम पर विचार नहीं किया गया ?

**Options:**

A. सुरक्षा संरचना

B. उत्पादन संरचना

C. ज्ञान संरचना

D. जनसांख्यिकीय संरचना

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: जनसांख्यिकीय संरचना

**85.**

Question: राष्ट्रीय हित को बढ़ावा देने के एक आर्थिक उपकरण के रूप में निम्नलिखित में से कौन सा कथन कार्टेल्स के बारे में सही नहीं है ?

**Options:**

A. कार्टेल्स युद्ध को बढ़ावा देते हैं क्योंकि यह निष्ठाओं को विभाजित करते हैं और लाभ की रुचि उत्पन्न करते हैं जो देशभक्ति से ऊपर होती है।

B. कार्टेल्स उत्पादन और वितरण पर पाबंदी लगाकर एक राज्य को महत्त्वपूर्ण युद्ध सामग्री से वंचित करते हैं ।

C. कार्टेल्स जासूसी और तोड़-फोड़ के उपकरण के रूप में कार्य कर सकते हैं, जो संभावित दुश्मनों को वैज्ञानिक जानकारी भेजते हैं ।

D. कार्टेल्स का उपयोग निरंकुश राज्यों द्वारा नहीं किया जाता ।

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: कार्टेल्स का उपयोग निरंकुश राज्यों द्वारा नहीं किया जाता ।

**86.**

Question: संयुक्त राष्ट्रसंघ के विषय में निम्नलिखित कथनों को ध्यान से पढ़िये :

I. किसी सदस्य देश के निलंबन की प्रक्रिया का वर्णन संयुक्त राष्ट्रसंघ के चार्टर में नहीं है।

II. लेकिन कोई भी सदस्य चार्टर में वर्णित प्रक्रिया का उपयोग कर सदस्यता का त्याग कर सकता है।

सही विकल्प का चयन कीजिए :

**Options:**

A. I सही और II गलत है

B. I गलत और II सही है ।

C. I और II दोनों सही हैं।

D. I और II दोनों गलत हैं ।

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: I और II दोनों गलत हैं ।

**87.**

Question: निम्नलिखित में से किस विचारक ने यह कहा है कि "राष्ट्रीय हित की अवधारणा इतनी अस्पष्ट है कि यह अर्थहीन या यहाँ तक कि एक छद्म-सिद्धान्त है" ?

**Options:**

A. हेंस जे. मॉर्गेन्थाऊ

B. रेमंड एरोन

C. नॉर्मन डी. पामर

D. वेरोन वैन डाइक

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: नॉर्मन डी. पामर

**88.**

Question: यूरोपीय संघ (ईयू) में सदस्य-राज्य और उसके प्रवेश के वर्ष को दर्शाने वाला निम्नलिखित में से कौन सा युग्म सही है ?

ईयू के सदस्य-राज्य - ईयू में प्रवेश का वर्ष

बुल्गारिया - 2007

साइप्रस - 2013

क्रोएशिया - 2004

एस्टोनिया - 2009

**Options:**

A. बुल्गारिया - 2007

B. साइप्रस - 2013

C. क्रोएशिया - 2004

D. एस्टोनिया - 2009

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: बुल्गारिया - 2007

**89.**

Question: यूरोपीय संघ (EU) के संबंध में निम्नलिखित में से कौन सा सही नहीं है ?

RajTest

**Options:**

A. यूरोपीय आयोग यूरोपीय संघ की कार्यकारी के रूप में कार्य करता है।

B. यूरोपीय संघ की परिषद राष्ट्रीय सरकार का प्रतिनिधित्व करती है।

C. यूरोपीय संघ के 20 सदस्य देश एक समान मुद्रा का प्रयोग करते हैं।

D. यूरोपीय संघ के 20 सदस्य देश शेंगेन मुक्त आवागमन क्षेत्र में भागीदार हैं जिसमें आंतरिक सीमा नियंत्रण समाप्त कर दिया गया है।

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: यूरोपीय संघ के 20 सदस्य देश शेंगेन मुक्त आवागमन क्षेत्र में भागीदार हैं जिसमें आंतरिक सीमा नियंत्रण समाप्त कर दिया गया है।

**90.**

Question: संयुक्त राष्ट्र के शांतिनिर्माण आयोग (पीसबिल्डिंग कमीशन) के संबंध में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही नहीं है ?

**Options:**

A. यह एक अंतर-सरकारी सलाहकार निकाय है जो संघर्ष प्रभावित देशों में शांति प्रयासों का समर्थन करता है ।

B. इसकी स्थापना दिसंबर 2010 में हुई थी ।

C. इसमें 31 सदस्य देश शामिल हैं, जिन्हें महासभा, सुरक्षा परिषद और आर्थिक एवं सामाजिक परिषद से चुना जाता है ।

D. संयुक्त राष्ट्र प्रणाली में शीर्ष वित्तीय योगदानकर्ता देश और शीर्ष सैन्य-योगदानकर्ता देश भी इसके सदस्य हैं ।

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: इसकी स्थापना दिसंबर 2010 में हुई थी ।

**91.**

Question: दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन (सार्क) के संबंध में निम्नलिखित में से कौन सा युग्म सही नहीं है ?

**Options:**

A. 1987 में तीसरा सार्क शिखर सम्मेलन - काठमांडू

B. आतंकवाद के दमन पर सार्क क्षेत्रीय कन्वेंशन - 1987

C. नारकोटिक ड्रग्स और साइकोट्रोपिक पदार्थों पर सार्क कन्वेंशन – 1990

D. 1988 में चौथा सार्क शिखर सम्मेलन - कोलंबो

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: 1988 में चौथा सार्क शिखर सम्मेलन - कोलंबो

**92.**

Question: दक्षिण पूर्व एशियाई राष्ट्रों के संगठन (आसियान) के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें :
(I) 1967 में आसियान के पहले सदस्य इंडोनेशिया, मलेशिया, सिंगापुर, थाइलैंड और फिलिपींस थे ।
(II) चीन के मुद्दे पर आसियान के सदस्य विभाजित थे । 1970 में संयुक्त राष्ट्र में, फिलिपींस और इंडोनेशिया ने सुरक्षा परिषद में चीनी सीट बीजिंग में साम्यवादी शासन को देने के लिए मतदान किया था, लेकिन मलेशिया और थाइलैंड ने इसके खिलाफ मतदान किया था । सिंगापुर ने मतदान में भाग नहीं लिया था ।
सही विकल्प का चुनाव करें :

**Options:**

A. केवल (I) सही है।

B. केवल (II) सही है ।

C. (I) और (II) दोनों सही हैं।

D. न तो (I) और न ही (II) सही है ।

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: केवल (I) सही है।

**93.**

Question: 19वें गुटनिरपेक्ष शिखर सम्मेलन में भारत की ओर से किसने भाग लिया था ?

**Options:**

A. नरेन्द्र मोदी ने

B. द्रौपदी मुर्मू ने

C. एस. जयशंकर ने

D. जगदीप धनखड़ ने

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: एस. जयशंकर ने

**94.**

Question: निम्नलिखित में से कौन सा तुल्यकालिक सम्प्रेषण का उदाहरण है ?

**Options:**

A. ई-मेल

B. ब्लॉग

C. स्काइप वार्तालाप

D. हाइपरटेक्स्ट दस्तावेज

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: स्काइप वार्तालाप

**95.**

Question: कौन सा शिक्षण प्रतिमान आगमनात्मक तर्क विकसित करने के लिए डिज़ाइन किया गया है ?

**Options:**

A. सम्प्रत्यय उपलब्धि प्रतिमान

B. अग्रिम संघटक प्रतिमान

Rajtest

C. पृच्छा प्रशिक्षण प्रतिमान
D. संरचनात्मक प्रतिमान
E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: सम्प्रत्यय उपलब्धि प्रतिमान

**96.**

Question: निम्नलिखित संगठनों में से कौन सा गुटनिरपेक्ष आन्दोलन का पर्यवेक्षक नहीं है ?

**Options:**

A. कॉमनवैल्थ सेक्रेटेरिएट
B. हॉस्टोसियन नेशनल इंडिपेंडेंस मूवमेंट
C. साउथ सेंटर
D. हॉली सी
E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: हॉली सी

**97.**

Question: निम्नलिखित में से कौन सा युग्म सुमेलित है ?
कठपुतली - द्विआयामी सामग्री
प्रतिरूप (नमूना) - त्रिआयामी सामग्री
चार्ट - त्रिआयामी सामग्री
चित्रलेख - त्रिआयामी सामग्री

**Options:**

A. कठपुतली - द्विआयामी सामग्री
B. प्रतिरूप (नमूना) - त्रिआयामी सामग्री
C. चार्ट - त्रिआयामी सामग्री
D. चित्रलेख - त्रिआयामी सामग्री
E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: प्रतिरूप (नमूना) - त्रिआयामी सामग्री

**98.**

Question: डेविड एवं रोजर जॉनसन के अनुसार, निम्नलिखित में से कौन सा एक सहकारी अधिगम समूह का तत्त्व है ?

**Options:**

A. स्वतन्त्रता
B. समूह जवाबदेही
C. प्रोत्साहक अन्तःक्रिया
D. व्यक्तिगत प्रसंस्करण
E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: प्रोत्साहक अन्तःक्रिया

**99.**

Question: निम्नलिखित में से आई.सी.टी. का पूर्ण रूप कौन सा है ?

**Options:**

A. इन्फॉर्मेशन कम्यूनिकेशन टेक्नॉलॉजी
B. इन्फॉर्मेशन एण्ड कम्यूनिकेशन टेक्नॉलॉजी
C. इन्फॉर्मेशन, कम्यूनिकेशन एण्ड टेक्नॉलॉजी
D. इन्फॉर्मेशन कम्यूनिकेशनल टेक्नॉलॉजी
E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: इन्फॉर्मेशन एण्ड कम्यूनिकेशन टेक्नॉलॉजी

**100.**

Question: निम्नलिखित में से कौन सूचना प्रक्रिया प्रतिमान के वर्ग से संबंधित है ?

**Options:**

A. वैज्ञानिक परिपृच्छा प्रतिमान
B. सामाजिक परिपृच्छा प्रतिमान
C. संरचित-सामाजिक परिपृच्छा प्रतिमान
D. न्यायशास्त्रीय परिपृच्छा प्रतिमान
E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: वैज्ञानिक परिपृच्छा प्रतिमान

**101.**

Question: वह प्रक्रिया जिसके द्वारा किसी प्रणाली के कार्यों के बारे में सूचना उस प्रणाली को वापस भेजी जाती है, ताकि सुधार और समायोजन किए जा सकें, उसे कहा जाता है :

**Options:**

A. पृष्ठपोषण
B. विश्लेषण
C. संतुलन
D. समस्थिति
E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: पृष्ठपोषण

**102.**

Question: निम्नलिखित में से कौन सा एक कम्प्यूटर सहायक अधिगम का तरीका (मोड) नहीं है ?

**Options:**

A. सूचनात्मक अनुदेशन
B. मोडलिंग
C. ट्यूटोरियल
D. ड्रिल तथा अभ्यास
E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: मोडलिंग

RajTest

**103.**

Question: कम्प्यूटर सहायता प्राप्त अधिगम का कौन सा प्रतिमान सक्रिय ज्ञान, हस्तकौशल एवं परिकल्पना परीक्षण पर बल देता है ?

**Options:**

A. रहस्योद्घाटन प्रतिमान
B. अनुमानात्मक प्रतिमान
C. मुक्तिबोध प्रतिमान
D. अनुदेशनात्मक प्रतिमान
E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: रहस्योद्घाटन प्रतिमान

**104.**

Question: जब ई-अधिगम को परम्परागत कक्षा-कक्ष प्रक्रियाओं के साथ जोड़ा जाता है, तो इसे कहते हैं -

**Options:**

A. दूरस्थ अधिगम
B. ब्लैण्डेड अधिगम
C. एकीकृत अधिगम
D. सक्रिय अधिगम
E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: ब्लैण्डेड अधिगम

**105.**

Question: राजनीतिक सिद्धान्त पर एरिक वोगेलिन के विचारों के सम्बन्ध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :
(A) वोगेलिन राजनीति विज्ञान और राजनीतिक सिद्धांत को विभाज्य मानते हैं और कहते हैं कि एक के बिना दूसरा संभव है ।
(B) राजनीतिक सिद्धान्त विचारधारा, स्वप्नलोकीय या वैज्ञानिक पद्धति नहीं है बल्कि व्यक्ति और समाज दोनों में ही सही व्यवस्था का अनुभवजन्य विज्ञान है ।
नीचे दिये गये विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए :

**Options:**

A. केवल (A) सही है।
B. केवल (B) सही है।
C. (A) एवं (B) दोनों सही हैं।
D. न तो (A) न ही (B) सही है।
E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: केवल (B) सही है।

**106.**

Question: निम्नलिखित में से कौन से विचारक 'संरचनावाद' सिद्धान्त से सम्बन्धित हैं ?
(A) सी. लेवी-स्ट्रॉस
(B) लुई पियरे अल्थुजर
(C) फर्डिनेन्ड डी सॉसार
सही विकल्प का चयन कीजिए ।

**Options:**

A. केवल (A) एवं (B) सही हैं।
B. केवल (A) एवं (C) सही हैं।
C. केवल (B) एवं (C) सही हैं।
D. (A), (B) एवं (C) सही हैं।
E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: (A), (B) एवं (C) सही हैं।

**107.**

Question: 'तार्किक प्रत्यक्षवाद' के विषय में निम्नांकित कथनों का परीक्षण कीजिए :
(I) तार्किक प्रत्यक्षवाद को एक आंदोलन का रूप देने में वियना सर्किल की महत्त्वपूर्ण भूमिका रही ।
(II) तार्किक प्रत्यक्षवाद तत्व-मीमांसा में निहित ज्ञान का खण्डन करता है ।
उपर्युक्त कथनों में से कौन सा / कौन से कथन सही है/हैं ?

**Options:**

A. केवल (I) सही है।
B. (I) व (II) दोनों सही हैं।
C. केवल (II) सही है ।
D. (I) व (II) दोनों सही नहीं हैं
E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: (I) व (II) दोनों सही हैं।

**108.**

Question: 'तार्किक परमाणुवाद' सिद्धान्त के प्रमुख सिद्धान्तकार निम्नलिखित में से कौन हैं ?

**Options:**

A. सी.एस. पीयर्स
B. जॉन प्लामेन्टाज
C. बर्ट्रेण्ड रसेल
D. शेल्डन वॉलिन
E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: बर्ट्रेण्ड रसेल

**109.**

Question: माइकेल ओकशॉट के सम्बन्ध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :
(I) ओकशॉट राजनीति में रूढ़िवाद, परम्परावाद एवं व्यवहार में एकरूपता एवं निरन्तरता को संशयात्मक दृष्टि से देखता है।
(II) ओकशॉट विषय और वस्तु, तथ्य और मूल्य के बीच अंतर

नहीं करते हैं।
सही विकल्प का चयन कीजिए ।

**Options:**

A. केवल (I) सही है।

B. केवल (II) सही है।

C. (I) और (II) दोनों सही हैं।

D. न तो (I) न ही (II) सही है।

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: न तो (I) न ही (II) सही है।

**110.**

Question: अधिकारों से सम्बन्धित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :
(I) एच.एल.ए. हार्ट ने विशेष अधिकारों को सामान्य अधिकारों से अलग किया है।
(II) एन. मैककॉर्मिक के अनुसार, अधिकार सदैव और आवश्यक रूप से मानवीय अच्छाई से संबंधित होते हैं।
(III) एच.जे. मैकक्लोस्की ने अधिकारों का सकारात्मक रूप से वर्णन किया है, जैसे कि करने, पाने, आनंद लेने या किए जाने का अधिकार ।
कूट का प्रयोग करते हुए सही उत्तर चुनिए :
कूट :

**Options:**

A. केवल (III) सही है ।

B. केवल (I) तथा (II) सही हैं।

C. केवल (II) तथा (III) सही हैं

D. (I), (II), (III) सही हैं ।

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: केवल (I) तथा (II) सही हैं।

**111.**

Question: निम्नलिखित में से किस विद्वान ने अपनी पुस्तक 'दी मोरेलिटी ऑफ फ्रीडम' में यह विचार व्यक्त किया कि स्वतन्त्रता को मूल्य मुक्तता के रूप में नहीं समझा जाना चाहिए जैसे कि बाधाओं अथवा दबाव की अनुपस्थिति अपितु इसे मूल्यवान लक्ष्यों की खोज के साधन के रूप में देखा जाना चाहिए ?

**Options:**

A. एलासडायर मैक्नटायर

B. जोसेफ राज

C. चार्ल्स टेलर

D. एच.एल.ए. हार्ट

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: जोसेफ राज

**112.**

Question: निम्नलिखित में से किस विद्वान ने तर्क दिया कि केवल पारम्परिक नकारात्मक अधिकार ही वास्तविक सार्वभौमिक मानवाधिकार हैं और मानवाधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा ने आर्थिक अधिकारों को सम्मिलित करके गलती की हैं, क्योंकि वे आदर्श हैं, सार्वभौमिक रूप से साकार नहीं किए जा सकते ?

**Options:**

A. एम. क्रैस्टन

B. आर. ड्वार्किन

C. जॉन लॉक

D. ए. गिवर्थ

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: एम. क्रैस्टन

**113.**

Question: निम्नलिखित विद्वानों में से किसने अर्द्ध-अध्यक्षीय शासन के लिए "गवर्नमेंटल डायर्की" शब्दावली का प्रयोग किया ?

**Options:**

A. जोसेफ एम. कोलोमर

B. मौरिस डुवर्गर

C. अर्स्ट वेसर

D. रॉबर्ट मैकक्लोस्की

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: मौरिस डुवर्गर

**114.**

Question: एकात्मक राज्यों में केंद्र से शक्ति वितरित करने की निम्नलिखित में से कौन सी विधि अपनाई जाती है ?
I. विसंकेंद्रण
II. विकेंद्रीकरण
III. हस्तांतरण
सही विकल्प चुनें :

**Options:**

A. केवल I और II

B. केवल II और III

C. केवल I और III

D. I, II और III

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: I, II और III

**115.**

Question: एथेनियन लोकतंत्र में प्रचलित संस्थाओं और उनके कार्यों के संदर्भ में निम्नलिखित युग्मों पर विचार करें :
संस्थाएँ - विवरण

RajTest

I. एक्लेसिया - लोकप्रिय न्यायालय जिसमें नागरिक लौटरी द्वारा चुने गये जूरी सदस्यों के समक्ष मामलों पर बहस करते थे।
II. बौले - दस एथेनियन जनजातियों के प्रतिनिधियों की एक परिषद
III. डिकैस्टरी - एक संप्रभु शासी निकाय जो कानून लिखता था एवं विदेश नीति निर्धारित करता था।
उपर्युक्त में से कौन से सही सुमेलित हैं ?

**Options:**

A. केवल I

B. केवल II

C. केवल III

D. I, II और III

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: केवल II

**116.**

Question: संयुक्त राज्य अमेरिका की डेमोक्रेटिक पार्टी के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :
(i) डेमोक्रेटिक नेशनल कमेटी 1848 के डेमोक्रेटिक नेशनल कन्वेंशन के दौरान बनाई गई थी।
(ii) डेमोक्रेटिक गवर्नर्स एसोसिएशन एक स्वतंत्र स्वैच्छिक राजनीतिक संगठन है।
(iii) डेमोक्रेटिक सेनेटोरियल कैम्पेन समिति के सदस्य, पार्टी की प्रतिनिधि सभा के सदस्य होते हैं।
सही उत्तर चुनिए :

**Options:**

A. केवल (i) सही है।

B. केवल (i) तथा (ii) सही हैं।

C. केवल (i) तथा (iii) सही हैं।

D. केवल (ii) तथा (iii) सही हैं।

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: केवल (i) तथा (ii) सही हैं।

**117.**

Question: सूची-I को सूची-II से सुमेलित करें तथा सूचियों के नीचे दिए गए कोड का उपयोग करके सही उत्तर चुनें :
सूची-I (प्रतिनिधित्व के सिद्धान्त)
A. प्रतिक्रियावादी सिद्धान्त
B. रूढ़िवादी सिद्धान्त
C. उदारवादी सिद्धान्त
D. कट्टरपंथी सिद्धान्त
सूची-II (मुख्य प्रतिपादक)
(i) जेम्स मैडिसन
(ii) जीन जे. रूसो
(iii) चार्ल्स वी. हैमिल्टन
(iv) थॉमस जेफरसन
कोड :

**Options:**

A. (iii) (iv) (i) (ii)

B. (ii) (i) (iii) (iv)

C. (i) (ii) (iv) (iii)

D. (iii) (i) (iv) (ii)

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: (iii) (i) (iv) (ii)

**118.**

Question: संयुक्त राज्य अमेरिका में दबाव समूहों के सन्दर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :
(i) कर्नल विलियम सी. चर्च और जनरल जॉर्ज विंगेट ने 1871 में नेशनल राइफल एसोसिएशन का गठन किया।
(ii) 1954 में, दि अमेरिकन सिविल लिबर्टीज़ यूनियन ने नेशनल राइफल एसोसिएशन के साथ मिलकर पब्लिक स्कूलों में नस्लीय भेदभाव को चुनौती दी।
(iii) दि अमेरिकन सिविल लिबर्टीज़ यूनियन 1973 में सर्वोच्च न्यायालय में रो बनाम वेड और डोव बनाम बोल्टन मामलों में जीत में शामिल था।
सही उत्तर का चयन कीजिए :

**Options:**

A. केवल (i) तथा (ii) सही हैं।

B. केवल (ii) तथा (iii) सही हैं।

C. केवल (i) तथा (iii) सही हैं।

D. (i), (ii) तथा (iii) सभी सही हैं।

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: केवल (i) तथा (iii) सही हैं।

**119.**

Question: ब्रिटेन में मजदूर दल (लेबर पार्टी) ने सर्वप्रथम किस वर्ष सरकार बनाई ?

**Options:**

A. 1918

B. 1920

C. 1922

D. 1924

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: 1924

**120.**

Question: प्लेटो की रचनाओं के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :
(i) मेनेक्सेनस में पेरिक्लीन के 'स्वर्णिम युग' की आलोचना की गई।
(ii) मेनो में प्रोटागोरस में प्रस्तुत सद्गुण की शिक्षा पर जोर दिया गया।
(iii) क्रिटिलस में लिखा है कि नगर-राज्य अथवा राज्य का

RajTest

विचार स्वर्ग में पैदा हुआ ।
(iv) एंथीप्रो में दैवी पवित्रता की सेवा को पवित्र कार्य माना गया जो आत्मा को ऊपर उठाती है।
सही उत्तर का चयन कीजिए :

**Options:**

A. केवल (i), (ii) और (iv) सही हैं।

B. केवल (ii) और (iii) सही हैं।

C. केवल (i) और (iv) सही हैं।

D. (i), (ii), (iii) और (iv) सभी सही हैं

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: केवल (i) और (iv) सही हैं।

**121.**

Question: जेरेमी बेन्थम से सम्बन्धित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :
(I) स्पष्ट रूप से बेन्थम ने नैतिकता को गणित तक सीमित कर दिया था; वास्तव में उन्होंने अपनी पद्धति को 'फैलिसिफिक कैलकुलस' कहा ।
(II) बेन्थम का कैलकुलस तभी तक काम करता है जब तक दो मान्यताएँ कायम रहती हैं, प्रथम यह कि नैतिकता आनंद के समान है और द्वितीय यह कि आनंद को सख्ती से मात्रात्मक पदों में परिभाषित किया जा सकता है ताकि किसी भी आनंद की गणितीय रूप से किसी अन्य से तुलना की जा सके ।
सही विकल्प का चयन करें :

**Options:**

A. केवल (I) सही है ।

B. केवल (II) सही है ।

C. (I) एवं (II) दोनों सही हैं।

D. न तो (I), न ही (II) सही है ।

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: (I) एवं (II) दोनों सही हैं।

**122.**

Question: कौटिल्य के 'अर्थशास्त्र' के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार करें :
कथन-I : अर्थशास्त्र में 'नागरिक' नामक एक अधिकारी का उल्लेख है जो नगर के प्रबंधन के लिए जिम्मेदार था ।
कथन-II : अर्थशास्त्र के चौथे अधिकरण 'संघवृत्त' के 36वें अध्याय में 'नागरिक' के कर्तव्यों का निरूपण किया गया है ।
ऊपर दिए गए कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

**Options:**

A. केवल I

B. केवल II

C. I और II दोनों

D. न तो I और न ही II

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: केवल I

**123.**

Question: अरस्तू के अनुसार, निम्नलिखित में से कौन सा कुलीनतंत्र में क्रांति का विशिष्ट कारण नहीं है ?
(i) जब जनता का उत्पीड़न और सत्ताधारी अभिजात वर्ग के भीतर मतभेद पैदा होते हैं।
(ii) जब महान व्यक्तियों को पद पर बैठे लोगों द्वारा अपमानित किया जाता है।
(iii) जब उच्च मनोबल वाले व्यक्तियों को सम्मान से वंचित किया जाता है ।
(iv) जब डेमागोग्स (वाग्वीर) अनियंत्रित शक्ति दी जाती है, जो अमीरों पर हमला करते हैं और जनता को भड़काते हैं ।
सही विकल्प चुनें :

**Options:**

A. केवल (i) और (ii)

B. केवल (ii) और (iv)

C. केवल (i) और (iv)

D. केवल (i), (ii) और (iii)

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: केवल (i), (ii) और (iii)

**124.**

Question: हॉब्स के सम्बन्ध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :
(A) हॉब्स के अनुसार शासक व चर्च दोनों स्वतन्त्र हैं । चर्च राजा को आदेश नहीं दे सकता और राजा चर्च को आदेश नहीं दे सकता ।
(B) हॉब्स के अनुसार गृहयुद्ध को रोकने में धर्म एक महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।
(C) सम्प्रभु को शक्तियाँ और पद ईश्वर से मिलते हैं।
(D) पादरी व बिशप को शक्तियाँ, सम्प्रभु द्वारा मिलती हैं।
सही कथन है :

**Options:**

A. केवल (A), (B) और (C) सही हैं।

B. केवल (B), (C) और (D) सही हैं।

C. केवल (A) और (C) सही हैं

D. केवल (C) और (D) सही हैं।

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: केवल (C) और (D) सही हैं।

**125.**

Question: कानून पर मैकियावली के विचारों के संबंध में निम्नांकित कथनों पर चिंतन कीजिए:
(i) मैकियावली प्राकृतिक कानूनों की धारणा को स्वीकार नहीं करता ।
(ii) मैकियावली शासक को 'सकारात्मक कानूनों' के अधीन

RajTest

रखना चाहता है ।
सही उत्तर का चयन कीजिए :

**Options:**

A. केवल (i) सही है।

B. केवल (ii) सही है ।

C. (i) और (ii) दोनों सही हैं।

D. (i) और (ii) दोनों सही नहीं हैं।

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: केवल (i) सही है।

**126.**

Question: रूसो द्वारा 'सोशल कॉन्ट्रैक्ट' पुस्तक में वर्णित 'कानून निर्माता' के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें :
कथन-I : कानून निर्माता की भूमिका लोगों का पुनर्निर्माण करना है और उन्हें व्यक्तियों के रूप में शुरू करके, उन्हें एक सामाजिक समग्रता के घटकों में बदलना है।
कथन-II : हालाँकि कानून निर्माता राज्य की स्थापना में केंद्रीय व्यक्ति नहीं है, लेकिन उसकी इसमें एक आधिकारिक भूमिका है, इसलिए वह कानून बनाता है ।
कथन-III : रूसो ने तीन उत्कृष्ट कानून निर्माताओं, लाइकर्गस, नुमा और मूसा की पहचान की है।
ऊपर दिए गए कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं ?

**Options:**

A. केवल I

B. केवल II

C. केवल II और III

D. I, II और III

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: केवल I

**127.**

Question: जॉन लॉक की कृति 'सेकण्ड ट्रीटाइज ऑफ गवर्मेन्ट' के अनुसार, निम्नलिखित में से किस अवसर पर वैध रूप से सरकार को नहीं बदला जा सकता है ?

**Options:**

A. जब प्रिंस लोगों के धार्मिक मामलों में हस्तक्षेप करता है और धर्म के आधार पर उनके साथ भेदभाव करता है ।

B. जब प्रिंस विधानमंडल को उसके नियत समय पर इकट्ठा होने या उन उद्देश्यों के लिए स्वतंत्र रूप से कार्य करने से रोकता है, जिसके लिए उसका गठन किया गया था ।

C. लोगों को प्रिंस या विधानमंडल द्वारा विदेशी शक्ति के अधीन करना ।

D. व्यक्ति जिसके पास सर्वोच्च कार्यकारी सत्ता पहले से है लागू कानूनों की उपेक्षा करे और उन्हें क्रियान्वित ना होने दे ।

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: जब प्रिंस लोगों के धार्मिक मामलों में हस्तक्षेप करता है और धर्म के आधार पर उनके साथ भेदभाव करता है ।

**128.**

Question: कार्ल मार्क्स द्वारा अपनी पुस्तक "क्रिटिक ऑफ द गोथा प्रोग्राम" में विवेचित न्याय की अवधारणा के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें :
कथन-I : वास्तव में एक उत्तम समुदाय को न्याय की अवधारणा की कोई आवश्यकता नहीं होगी ।
कथन-II : अभाव और लक्ष्यों पर टकराव होने की स्थिति में समाज को संचालित करने के सिद्धान्त के रूप में न्याय की आवश्यकता होगी ।
ऊपर दिए गए कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

**Options:**

A. केवल I

B. केवल II

C. I और II दोनों

D. न तो I और न ही II

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: I और II दोनों

**129.**

Question: जॉन स्टुअर्ट मिल के विचारों के सन्दर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :
(i) 'प्रिंसिपल्स ऑफ पोलिटिकल इकोनोमी' में मिल का कहना है कि सामाजिक पूर्वाग्रहों के कारण स्त्रियों को कम वेतन मिलता है ।
(ii) 'रिप्रेजेंटेटिव गवर्नमेन्ट' में मिल ने कहा कि लिंग में अंतर राजनैतिक अधिकारों के बँटवारे का आधार नहीं होना चाहिए ।
(iii) 'द सब्जेक्शन ऑफ वीमेन' में मिल ने बताया कि सभी वर्गों की स्त्रियाँ काम कैसे पाएँगी और करेंगी ?
सही उत्तर चुनिए :

**Options:**

A. केवल (iii) सही है ।

B. केवल (i) तथा (ii) सही हैं।

C. केवल (i) तथा (iii) सही हैं।

D. केवल (ii) तथा (iii) सही हैं।

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: केवल (i) तथा (ii) सही हैं।

**130.**

Question: डॉ. बी.आर. अम्बेडकर के सम्बन्ध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए और सही उत्तर चुनिए :
(A) अम्बेडकर बक़ल के इस विचार से पूर्ण सहमत हैं कि इतिहास का निर्माण भूगोल और भौतिक विज्ञान ने किया है।
(B) अम्बेडकर मार्क्स के इस विचार से पूर्ण सहमत हैं कि

RajTest

इतिहास केवल आर्थिक कारकों का ही परिणाम है ।
(C) अम्बेडकर मानते हैं कि अवैयक्तिक शक्तियाँ इतिहास निर्माण में निर्धारक कारक होती हैं ।
सही उत्तर है :

**Options:**

A. केवल (A) सही है।

B. केवल (A) और (B) सही हैं ।

C. केवल (A) और (C) सही हैं।

D. केवल (C) सही है ।

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: केवल (C) सही है ।

**131.**

Question: "बुद्धि को आत्मा से और शक्ति को शुद्धता से पृथक करके यूरोपीय क्रांति की विजय भले ही हो सके, किंतु हम यूरोपीय शक्ति के द्वारा विजय प्राप्त नहीं कर सकते ।"
अरबिंदो घोष का यह कथन निम्नलिखित में से उनकी किस कृति से संबंधित है ?

**Options:**

A. दि लाइफ डिवाइन

B. दि आइडियल ऑफ ह्यूमन यूनिटी

C. दि आइडियल ऑफ कर्मयोगिन

D. ऑन द वेदा

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: दि आइडियल ऑफ कर्मयोगिन

**132.**

Question: निम्नलिखित विद्वानों में से किसने अपनी पुस्तक 'शील्ड ऑफ अकिलिस : वार, पीस एण्ड द कोर्स ऑफ हिस्ट्री' में कहा है कि "युद्धों के ऐतिहासिक महत्त्व का कारण यह है कि चाहे वे किसी भी तरह से उत्पन्न हों, वे राज्य के मूल ढाँचे को चुनौती देते हैं और अंततः उसे बदल देते हैं जो कि आखिरकार एक युद्ध-निर्माणक संस्था है ?"

**Options:**

A. मार्था नुसबाम

B. रॉबर्ट हेइलब्रोनर

C. मैरी वोलस्टोनक्राफ्ट

D. फिलिप बॉबिट

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: फिलिप बॉबिट

**133.**

Question: 18वीं लोकसभा में एक सदस्य का प्रतिनिधित्व करने वाले राजनीतिक दलों को पहचानिए :
(i) असम गण परिषद
(ii) राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी
(iii) शिरोमणि अकाली दल
(iv) यूनाइटेड पीपुल्स पार्टी, लिबरल
कूट का प्रयोग करते हुए सही उत्तर चुनिए :

**Options:**

A. केवल (i) तथा (iii) सही हैं।

B. केवल (i), (iii) तथा (iv) सही हैं।

C. केवल (iii) तथा (iv) सही हैं।

D. (i), (ii), (iii) तथा (iv) सभी सही हैं।

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: (i), (ii), (iii) तथा (iv) सभी सही हैं।

**134.**

Question: राम मनोहर लोहिया की समानता की अवधारणा के घटकों की व्याख्या के संबंध में निम्नलिखित में से कौन सा युग्म सही ढंग से मेल नहीं खाता है ?
(i) आंतरिक भौतिक समानता - 'समाज के भीतर' समानता ।
(ii) बाहरी भौतिक समानता – 'राज्य के भीतर' समानता ।
(iii) बाहरी आध्यात्मिक समानता – रिश्तेदारी के रूप में समानता ।
(iv) आंतरिक आध्यात्मिक समानता – समभाव के रूप में समानता ।
सही विकल्प चुनें :

**Options:**

A. केवल (i) और (ii)

B. केवल (ii) और (iii)

C. केवल (iii) और (iv)

D. केवल (i) और (iv)

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: केवल (ii) और (iii)

**135.**

Question: निम्नलिखित विद्वानों में से किसने तर्क दिया कि 'जाति समूहों ने ऐतिहासिक शर्मिंदगी से टूटने के बजाय, वास्तव में संसदीय राजनीति की माँगों के लिए खुद को आश्चर्यजनक रूप से अच्छी तरह से अनुकूलित किया और चुनावी राजनीति में उनकी भागीदारी ने जाति के संरचनात्मक गुणों को एक मौलिक रूप से बदल दिया : इसने पदानुक्रम के स्थान पर जातियों का लोकतंत्र बनाया' ?

**Options:**

A. सुहास पल्शीकर

B. सुदीप्त कविराज

C. सुरिंदर एस. जोधका

D. घनश्याम शाह

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: सुदीप्त कविराज

RajTest

**136.**

Question: निम्नलिखित कथनों पर विचार करें :
कथन-I : एम.एन. श्रीनिवास ने जातियों का वर्णन करने के लिए "प्रभावशाली जाति" की अवधारणा पेश की, जो हमेशा जाति पदानुक्रम के शीर्ष पर नहीं होने के बावजूद आर्थिक और राजनीतिक दोनों तरह की शक्ति रखती है ।
कथन-II : ग्रामीण भारत में प्रभावशाली जातियों का उदय मुख्य रूप से औपनिवेशिक शासन के तहत आधुनिक शिक्षा और प्रशासनिक पदों तक उनकी पहुँच के कारण हुआ था ।
सही उत्तर का चयन कीजिए :

**Options:**

A. कथन I और II दोनों सही हैं ।

B. कथन I और II दोनों सही नहीं हैं ।

C. केवल I सही है ।

D. केवल II सही है।

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: केवल I सही है ।

**137.**

Question: भारत में जातिगत लामबन्दी के तीन प्रकारों : ऊर्ध्वाकार, क्षैतिज और विभेदक का वर्णन किसने किया है ?

**Options:**

A. एम.एन. श्रीनिवास

B. रूडोल्फ और रूडोल्फ

C. मायरोन वीनर

D. पॉल ब्रास

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: रूडोल्फ और रूडोल्फ

**138.**

Question: 'शेतकारी संगठन' के संबंध में निम्नांकित में से कौन सा सही नहीं है ?

**Options:**

A. यह बाजारोन्मुखी किसान आंदोलन है ।

B. यह महाराष्ट्र में शरद जोशी के नेतृत्व में संगठित किया गया है।

C. यह कृषि में प्रतिस्पर्धी पूँजीवाद की माँग करता है।

D. यह पूर्णतः वैश्वीकरण के विरुद्ध है ।

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: यह पूर्णतः वैश्वीकरण के विरुद्ध है ।

**139.**

Question: सूची-I को सूची-II से सुमेलित करें तथा सूचियों के नीचे दिए गए कोड का उपयोग करके सही उत्तर चुनें :
सूची-I (नए सामाजिक आंदोलन)
A. वादा न तोड़ो अभियान
B. साइलेंट वैली आंदोलन
C. चिपको आंदोलन
D. अरक विरोधी आंदोलन
सूची-II (विवरण)
(i) केरल शास्त्र साहित्य परिषद द्वारा बाँध निर्माण को रोकने के लिए चलाया गया अभियान ।
(ii) देशी शराब के उत्पादन और विपणन के खिलाफ अभियान ।
(iii) गरीबी को समाप्त करने के लिए सरकारी जवाबदेही के लिए अभियान ।
(iv) वनों की कटाई और वाणिज्यिक वानिकी के खिलाफ अभियान ।
कोड :

**Options:**

A. (iii) (ii) (i) (iv)

B. (iv) (iii) (ii) (i)

C. (ii) (iv) (i) (iii)

D. (iii) (i) (iv) (ii)

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: (iii) (i) (iv) (ii)

**140.**

Question: भारत और श्रीलंका के बीच एक जीवंत और बढ़ती हुई आर्थिक और वाणिज्यिक साझेदारी है, जो विभिन्न आर्थिक समझौतों के माध्यम से विकसित हुई है । निम्नलिखित में से कौन सा समझौता दोनों देशों के बीच लागू नहीं है ?
(i) आर्थिक और प्रौद्योगिकी सहयोग समझौता (ETCA)
(ii) भारत-श्रीलंका मुक्त व्यापार समझौता (ISFTA)
(iii) दक्षिण एशियाई मुक्त व्यापार समझौता (SAFTA)
(iv) व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौता (CEPA)
सही विकल्प चुनें :

**Options:**

A. केवल (i)

B. केवल (i) और (iv)

C. केवल (iv)

D. केवल (ii) और (iii)

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: केवल (i) और (iv)

**141.**

Question: भारत-नेपाल शांति और मैत्री संधि, 1950 के संबंध में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही नहीं है ?

**Options:**

A. संधि में 20 अनुच्छेद दिए गये हैं।

RajTest

B. यह संधि तब तक लागू रहेगी जब तक कि किसी भी पक्ष द्वारा एक वर्ष का नोटिस देकर इसे समाप्त नहीं कर दिया जाता।

C. संधि पर हस्ताक्षर 31 जुलाई, 1950 को काठमांडू में किए गए।

D. नेपाल में भारत के राजदूत श्री चन्द्रेश्वर प्रसाद नारायण सिंह ने भारत की ओर से संधि पर हस्ताक्षर किए।

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: संधि में 20 अनुच्छेद दिए गये हैं।

**142.**

Question: अटल बिहारी वाजपेयी के प्रधानमंत्रित्व काल में घटित निम्नांकित घटनाओं पर विचार कीजिए :
(i) कारगिल युद्ध
(ii) दिल्ली-लाहौर बस सेवा का शुभारम्भ
(iii) पोखरण परमाणु परीक्षण
(iv) आगरा शिखर सम्मेलन
उपर्युक्त घटनाओं को कालक्रमानुसार व्यवस्थित कीजिए तथा नीचे दिए गए कूटों की सहायता से सही उत्तर का चयन कीजिए :

**Options:**

A. (i), (ii), (iii), (iv)

B. (iv), (ii), (iii), (i)

C. (iii), (ii), (i), (iv)

D. (iii), (i), (ii), (iv)

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: (iii), (ii), (i), (iv)

**143.**

Question: 2020 में बढ़े गतिरोध के दौरान पूर्वी लद्दाख की गलवान घाटी में चीनी घुसपैठ के लिए भारतीय सेना की रणनीतिक और सामरिक प्रतिक्रिया थी -

**Options:**

A. ऑपरेशन ट्राइडेंट

B. ऑपरेशन स्नो लेपर्ड

C. ऑपरेशन स्नो व्हाइट

D. ऑपरेशन सफ़ेद सागर

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: ऑपरेशन स्नो लेपर्ड

**144.**

Question: भारत-नेपाल शांति और मैत्री संधि, 1950 की निम्नलिखित में से किस धारा में आवागमन व व्यापार सम्बन्धी विशेष सुविधाएँ प्रदान की गयी हैं ?

**Options:**

A. धारा 7

B. धारा 8

C. धारा 9

D. धारा 10

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: धारा 7

**145.**

Question: भारत के मोतिहारी को नेपाल के अमलेखगंज से जोड़ने वाली दक्षिण एशिया की पहली सीमा पार पेट्रोलियम पाइपलाइन किस वर्ष पूरी हुई ?

**Options:**

A. 2024

B. 2022

C. 2020

D. 2019

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: 2019

**146.**

Question: 2018 में भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने निम्नलिखित में से अपने कौन से विज़न की तुलना भूटान के प्रधानमंत्री लोटे शेरिंग के विज़न 'नेरोविंग दि गैप' से की थी ?

**Options:**

A. 'नेबरहुड फर्स्ट' पॉलिसी

B. 'सागर' विज़न

C. "सबका साथ सबका विकास"

D. "मेड इन इंडिया"

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: "सबका साथ सबका विकास"

**147.**

Question: बटालियन स्तरीय संयुक्त सैन्य अभ्यास 'सूर्य किरण' के 18वें संस्करण के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार करें :
कथन-I : यह अभ्यास 24 फरवरी से 9 मार्च, 2025 तक भारत में आयोजित किया गया था।
कथन-II : भारतीय सेना की टुकड़ी का नेतृत्व 11वीं गोरखा राइफल्स बटालियन ने किया और नेपाल सेना की टुकड़ी का प्रतिनिधित्व भैरवनाथ बटालियन ने किया।
कथन-III : अभ्यास का उद्देश्य जंगल युद्ध, पहाड़ों में आतंकवाद विरोधी अभियानों और संयुक्त राष्ट्र चार्टर के तहत मानवीय सहायता और आपदा राहत में अंतर-संचालन क्षमता को बढ़ाना था।
ऊपर दिए गए कथनों में से कौन से सही नहीं हैं ?

**Options:**

A. केवल I और II

RajTest

B. केवल II और III

C. केवल I और III

D. I, II और III

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: केवल I और II

**148.**

Question: व्यवहारवाद के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही नहीं है ?

**Options:**

A. "राजनीतिक व्यवहार" (पॉलिटिकल बिहेवियर) शब्द का पुस्तक के शीर्षक के रूप में सर्वप्रथम प्रयोग टेरेंस बॉल ने किया था ।

B. डेविड ईस्टन के अनुसार, 'बिहेवियरलिज़्म' को 'बिहेवियरिज़्म' के साथ भ्रमित नहीं किया जाना चाहिए जो कि जे. बी. वॉटसन से जुड़ी एक मनोवैज्ञानिक अवधारणा है ।

C. व्यवहारवाद का कनाडा में शायद ही कोई प्रभाव पड़ा जहाँ शास्त्रीय राजनीतिक सिद्धान्त सी.बी. मैक्फर्सन और क्रिश्चियन बे के कार्यों में जीवित रहा ।

D. शेल्डन वोलिन ने व्यवहारवादी राजनीतिक वैज्ञानिकों पर आरोप लगाया कि वे पद्धति के प्रति अपनी चिंता में अपने वास्तविक "व्यवसाय" को त्याग रहे हैं।

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: "राजनीतिक व्यवहार" (पॉलिटिकल बिहेवियर) शब्द का पुस्तक के शीर्षक के रूप में सर्वप्रथम प्रयोग टेरेंस बॉल ने किया था ।

**149.**

Question: "व्यक्तिगत या सामाजिक व्यवहार में क्या 'राजनीतिक' है ।"
उपर्युक्त कथन के द्वारा व्यवहारवाद की आलोचना करने वाला विचारक कौन है ?

**Options:**

A. लियो स्ट्रॉस

B. एम.क्यू. सिबली

C. क्रिश्चियन बे

D. एरिक वोगलिन

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: क्रिश्चियन बे

**150.**

Question: निम्नलिखित में से किस विद्वान ने पारंपरिक राजनीति विज्ञान की आलोचना करते हुए इसे "बंजर और औपचारिक-सजीव, ऊसर, भूत-ग्रस्त और गतिहीन" बताया ?

**Options:**

A. हेरोल्ड लासवेल

B. चार्ल्स मरियम

C. आर्थर बेंटले

D. बर्ट्राम ग्रॉस

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: बर्ट्राम ग्रॉस

RajTest